# MASTER SET

Number of Pages : **36**
पृष्ठों की संख्या : **36**
No. of Questions : **150**
प्रश्नों की संख्या : **150**
Marks / अंक : **300**
Time / समय : **3 Hours / घण्टे**

**Subject Code**
**विषय कोड**

**101002**

**Subject :** COMMERCE
**विषय :** वाणिज्य

Candidate's Roll No.
अभ्यर्थी का अनुक्रमांक

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

Candidate's Signature
अभ्यर्थी के हस्ताक्षर

Invigilator's Signature
वीक्षक के हस्ताक्षर
1. ____________________
2. ____________________

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The Question Paper consists of **two** parts : **Part-I** is compulsory of **50** questions **(Q.No. 1 to 50)** and **Part-II** Subject-wise of **100** questions **(Q.No. 51 to 150)** .
2. Please write your entries like Roll No., Question Booklet No. and Subject Code etc. very carefully and fill the relevant circles on the OMR Answer Sheet.
3. For filling the OMR Answer Sheet and darkening the circle use **Blue/Black Ball Point Pen** only.
4. Answer **all** questions. There will be no negative marking.
5. Each question carries **02 (two)** marks.
6. Each question has four alternative responses marked serially as **1, 2, 3, 4.** You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using **Blue/Black Ball Point Pen.**
7. Only **one** answer is to be given for each question. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer. A wrong answer means an incorrect answer or more than one answers for any question. Leaving all the relevant circles or bubbles of any question blank will not be considered as wrong answer.
8. If there is any sort of ambiguity/ mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Versions of the question, the English Version will be treated as standard.
9. In case of missing pages, missing questions or any kind of printing discrepancy / defect in Question Booklet, candidates put their objections to invigilator within 5 minutes and obtain another Question Booklet.

## अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

1. प्रश्न-पत्र में दो भाग हैं : **भाग-I** अनिवार्य के **50** प्रश्न (**प्र.सं. 1 से 50**) और **भाग-II** विषयानुसार के **100** प्रश्न (**प्र.सं. 51 से 150**)।
2. कृपया ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर अपना अनुक्रमांक, प्रश्न-पुस्तिका सं. तथा विषय कोड आदि प्रविष्टियाँ सावधानीपूर्वक लिखें और संबंधित गोलों को भरें ।
3. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में संबंधित जानकारी व गोले को भरने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का उपयोग करें ।
4. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
5. प्रत्येक प्रश्न के **02 (दो)** अंक हैं ।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमश: **1, 2, 3, 4** अंकित किया गया है । अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर-पत्रक पर **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से गहरा करना है ।
7. प्रत्येक प्रश्न का मात्र **एक** ही उत्तर दीजिए । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा । गलत उत्तर से तात्पर्य अशुद्ध उत्तर अथवा किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर से है । किसी भी प्रश्न से संबंधित गोले या बबल को खाली छोड़ना गलत उत्तर नहीं माना जायेगा ।
8. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।
9. प्रश्न-पुस्तिका में पृष्ठ कम, प्रश्न संख्या कम या अन्य किसी भी मुद्रण दोष होने पर 5 मिनट में वीक्षक के समक्ष आपत्ति रखकर दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।

**Do not open this Question Booklet until you are asked to do so. / इस प्रश्न-पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**

# Part-I / भाग-I

1. Which of the following is the correct sequence of levels of teaching ?
   (1) Reflective, Understanding, Memory
   (2) Understanding, Memory, Reflective
   (3) Memory, Understanding, Reflective
   (4) Memory, Reflective, Understanding

1. शिक्षण के स्तरों का सही अनुक्रम निम्नलिखित में से कौन सा है ?
   (1) चिंतनशील, बोध, स्मृति
   (2) बोध, स्मृति, चिंतनशील
   (3) स्मृति, बोध, चिंतनशील
   (4) स्मृति, चिंतनशील, बोध

2. 'Cone of Experience' related to teaching and learning was proposed by :
   (1) Edgar Dale
   (2) B.S. Bloom
   (3) John Dewey
   (4) Frobel

2. शिक्षण और अधिगम से संबंधित 'अनुभव का शंकु' इनके द्वारा प्रस्तावित किया गया था :
   (1) एडगर डेल
   (2) बी.एस. ब्लूम
   (3) जॉन डीवी
   (4) फ्रोबेल

3. According to Morrison, which of the following steps are included under the (Understanding Syntax) model of teaching ?
   (1) Exploration
   (2) Presentation
   (3) Generalization
   (4) Both Exploration and Presentation

3. मॉरीसन के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन से सोपानों को (बोध संरचना) शिक्षण प्रतिमान के अन्तर्गत सम्मिलित किया गया है ?
   (1) अन्वेषण
   (2) प्रस्तुतीकरण
   (3) सामान्यीकरण
   (4) दोनों अन्वेषण और प्रस्तुतीकरण

4. Which among the following is advantage of Choice Based Credit System (CBCS) ?
   (1) Shift in focus from the teacher centric to student centric education.
   (2) Give new information in class.
   (3) It promotes E-learning.
   (4) Helping teachers to complete syllabus on time.

4. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प आधारित क्रेडिट सिस्टम (CBCS) का लाभ है ?
   (1) शिक्षक केन्द्रित से छात्र-केन्द्रित शिक्षा की ओर बदलाव ।
   (2) कक्षा में नई जानकारी देता है ।
   (3) यह ई-लर्निंग को बढ़ावा देता है ।
   (4) शिक्षकों को पाठ्यक्रम समय पर पूर्ण करने में मदद करना ।

5. SWAYAM is a programme initiated by
   (1) National Council of Educational Research and Training
   (2) University Grant Commission
   (3) Government of India
   (4) Indira Gandhi National Open University

5. स्वयं (SWAYAM) कार्यक्रम इनके द्वारा आरंभ किया गया है
   (1) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
   (2) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
   (3) भारत सरकार
   (4) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय

6. In research, SPSS is commonly used for data analysis. What does SPSS stand for ?
   (1) Statistical Package for the Social Sciences
   (2) Statistical Programme for Social Surveys
   (3) Social Package for Statistical Studies
   (4) Systematic Programme for Social Statistics

6. अनुसंधान में SPSS का प्रयोग सामान्यतः आँकड़ा विश्लेषण के लिए किया जाता है । SPSS का पूर्ण रूप क्या है ?
   (1) स्टैटिस्टिकल पैकेज फॉर द सोशल साइंसेज़
   (2) स्टैटिस्टिकल प्रोग्राम फॉर सोशल सर्वेज़
   (3) सोशल पैकेज फॉर स्टैटिस्टिकल स्टडीज़
   (4) सिस्टेमैटिक प्रोग्राम फॉर सोशल स्टैटिस्टिक्स

**7.** A researcher derives a hypothesis from an existing theory and then tests it through systematic observation. Which research approach is illustrated in this case ?

(1) Inductive approach

(2) Deductive approach

(3) Empirical approach

(4) Retrodictive approach

**8.** Which of the following is first step to start the Research Process ?

(1) Survey of related literature

(2) Identification of the problem

(3) To find the solution of the problem

(4) Selecting the data gathering methods and techniques

**9.** Which of the following sampling techniques is also known as 'Judgemental sampling' ?

(1) Quota sampling

(2) Convenience sampling

(3) Cluster sampling

(4) Purposive sampling

**10.** Ethical Norms in research do not involve guidelines for :

(1) Copyright

(2) Data sharing policy

(3) Thesis format

(4) Patenting policy

**7.** एक शोधकर्ता किसी विद्यमान सिद्धांत से परिकल्पना निर्मित करता है और फिर व्यवस्थित अवलोकन के माध्यम से उसका परीक्षण करता है । इस स्थिति में कौन सा शोध उपागम प्रदर्शित होता है ?

(1) आगमनात्मक उपागम

(2) निगमनात्मक उपागम

(3) अनुभवजन्य उपागम

(4) पूर्वव्यापी उपागम

**8.** निम्नलिखित में से शोध प्रक्रिया प्रारम्भ करने का प्रथम चरण कौन सा है ?

(1) सम्बन्धित साहित्य का सर्वेक्षण

(2) समस्या की पहचान

(3) समस्या का समाधान ढूँढ़ना

(4) प्रदत्त संकलन की विधि और तकनीकी का चयन

**9.** निम्नलिखित में से कौन सी प्रतिचयन प्रविधि 'निर्णयात्मक प्रतिचयन' से भी जानी जाती है ?

(1) यथांश (Quota) प्रतिचयन

(2) सुविधानुसार प्रतिचयन

(3) पुंजानुसार प्रतिचयन

(4) उद्देश्यानुसार प्रतिचयन

**10.** अनुसंधान में नैतिक मानदंड के दिशा-निर्देशों में ये शामिल नहीं है :

(1) प्रतिलिप्याधिकार

(2) डेटा साझाकरण नीति

(3) शोध-प्रबंध का प्रारूप

(4) पेटेंट संबंधी नीति

**Passage English :**

Read the following passage and answer the **five** questions given below :

India is a treasure trove of culture, developed over thousands of years and manifested in the form of arts, works of literature, customs, traditions, linguistic expressions, artefacts, heritage sites, and more. Crores of people around the world partake in, enjoy, and benefit from this cultural wealth daily, in the form of visiting India for tourism, experiencing Indian hospitality, purchasing India's handicrafts and handmade textiles, reading the classical literature of India, practising yoga and meditation, being inspired by Indian philosophy, participating in India's unique festivals, appreciating India's diverse music and art, and watching Indian films, amongst many other aspects. It is this cultural and natural wealth that truly makes India, "Incredible India", as per India's tourism slogan. The preservation and promotion of India's cultural wealth must be considered a high priority for the country, as it is truly important for the nation's identity as well as for its economy.

**Passage हिन्दी :**

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िए और नीचे दिए गए **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत संस्कृति का समृद्ध भण्डार है – जो हज़ारों वर्षों में विकसित हुआ है और यहाँ की कला, साहित्यिक कृतियों, प्रथाओं, परम्पराओं, भाषाई अभिव्यक्तियों, कलाकृतियों, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के स्थलों इत्यादि में परिलक्षित होता हुआ दिखता है। भारत में भ्रमण, भारतीय अतिथि सत्कार का अनुभव लेना, भारत के खूबसूरत हस्तशिल्प एवं हाथ से बने कपड़ों को खरीदना, भारत के प्राचीन साहित्य को पढ़ना, योग एवं ध्यान का अभ्यास करना, भारतीय दर्शनशास्त्र से प्रेरित होना, भारत के अनुपम त्योहारों में भाग लेना, भारत के वैविध्यपूर्ण संगीत एवं कला की सराहना करना और भारतीय फिल्मों को देखना आदि ऐसे कुछ आयाम हैं जिनके माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों लोग प्रतिदिन इस सांस्कृतिक विरासत में सम्मिलित होते हैं, इसका आनन्द उठाते हैं और लाभ प्राप्त करते हैं। यही सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक संपदा है जो भारत के पर्यटन स्लोगन के अनुसार भारत को वास्तव में "अतुल्य ! भारत" बनाती है। भारत की इस सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार, देश की उच्चतर प्राथमिकता होना चाहिए क्योंकि यह देश की पहचान के साथ-साथ इसकी अर्थव्यवस्था के लिए भी बहुत महत्त्वपूर्ण है।

**11.** The passage states that India's culture has been developed over :

(1) A few decades (2) Hundreds of years

(3) Thousands of years

(4) The last century

**12.** Which of the following is NOT explicitly mentioned in the passage as a way crores of people in the world daily benefit from or enjoy India's cultural wealth ?

(1) Practising yoga and meditation

(2) Purchasing handicrafts and handmade textiles

(3) Watching Indian films and appreciating diverse music

(4) Investing in India's stock market trading platforms

**13.** In the opening sentence of the passage, what does the word 'manifest' imply about the thousands of years of Indian culture ?

(1) The culture has remained an abstract, historical concept that cannot be easily observed.

(2) The culture has undergone a sudden, unplanned development without any historical continuity.

(3) The long span of history has materialized into concrete, observable expressions such as art, literature, and physical heritage sites.

(4) The culture is rapidly diminishing and can now only be found within historical records.

**11.** अनुच्छेद के अनुसार, भारत की संस्कृति विकसित हुई है :

(1) कुछ दशकों में (2) सैकड़ों वर्षों में

(3) हज़ारों वर्षों में (4) पिछली शताब्दी में

**12.** निम्नलिखित में से अनुच्छेद में कौन सा आयाम दुनिया भर के करोड़ों लोगों द्वारा भारतीय सांस्कृतिक विरासत का आनंद लेने अथवा लाभ उठाने के लिए नहीं बताया गया है ?

(1) योग एवं ध्यान का अभ्यास करना

(2) हस्तशिल्प और हाथ से बने कपड़ों को खरीदना

(3) भारतीय फिल्मों को देखना और वैविध्यपूर्ण संगीत की सराहना करना

(4) भारत के शेयर बाजार में निवेश करना

**13.** अनुच्छेद के पहले वाक्य में प्रयुक्त 'परिलक्षित' शब्द का भारतीय संस्कृति के हज़ारों वर्षों के संदर्भ में क्या निहितार्थ है ?

(1) भारतीय संस्कृति एक अमूर्त विचार है, जिसे आसानी से देखा नहीं जा सकता।

(2) भारतीय संस्कृति का विकास बिना किसी योजना के अचानक और अनियोजित तरीके से हुआ है।

(3) हजारों वर्षों का इतिहास कला, साहित्य, परंपराओं और ऐतिहासिक स्थलों के रूप में ठोस और दृश्यमान रूप में सामने आता है।

(4) भारतीय संस्कृति समय के साथ समाप्त हो रही है और अब केवल इतिहास अभिलेखों में बची है।

**14.** Assertion (A) : The preservation and promotion of India's cultural assets must be treated as a high-priority national objective.
Reason (R) : This cultural heritage not only maintains the unique identity of the nation but is also highly critical in strengthening the country's economic growth.

(1) Both (A) and (R) are true, and (R) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (R) is false.
(4) (A) is false, but (R) is true.

**15.** Based on the passage, consider the following statements regarding India's cultural wealth :
(a) It has manifested over a timeline spanning several millennia.
(b) It serves as the foundational justification for the national tourism slogan, 'Incredible India'.
(c) Its global impact is restricted purely to spiritual practices and classical academia.
(d) It includes both tangible creations and intangible elements.
Choose the correct answer from the options given below :

(1) Only (a) and (b) are correct.
(2) Only (a), (b) and (d) are correct.
(3) Only (b), (c) and (d) are correct.
(4) All (a), (b), (c) and (d) are correct.

**16.** Radio and Television are the examples of :

(1) Group communication
(2) Intrapersonal communication
(3) Interpersonal communication
(4) Mass communication

**17.** On which criteria communication can be classified into 'Intrapersonal', 'Inter-personal', 'Group' and 'Mass' communication ?

(1) Medium of communication
(2) Number of participants of communication
(3) Message of communication
(4) Purpose of communication

**14.** कथन (A) : भारत की सांस्कृतिक संपदा का संरक्षण, संवर्धन एवं प्रसार देश की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए ।
कारण (R) : यह सांस्कृतिक विरासत न केवल देश की अनूठी पहचान को बनाए रखती है, बल्कि देश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने में भी बहुत महत्त्वपूर्ण है ।

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) (A) सही है, परंतु (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

**15.** अनुच्छेद के आधार पर, भारत की सांस्कृतिक संपदा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :
(a) यह कई सहस्राब्दियों की समय-सीमा में प्रकट हुई है ।
(b) यह राष्ट्रीय पर्यटन स्लोगन, 'अतुल्य भारत' के लिए मूलभूत औचित्य प्रदान करती है ।
(c) इसका वैश्विक प्रभाव विशुद्ध रूप से केवल आध्यात्मिक प्रथाओं और शास्त्रीय शिक्षाविदों तक ही सीमित है ।
(d) इसमें मूर्त रचनाएँ और अमूर्त तत्त्व दोनों शामिल हैं ।
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(1) केवल (a) और (b) सही हैं ।
(2) केवल (a), (b) और (d) सही हैं ।
(3) केवल (b), (c) और (d) सही हैं ।
(4) सभी (a), (b), (c) और (d) सही हैं ।

**16.** रेडियो और टेलीविजन उदाहरण हैं :

(1) समूह संचार के
(2) अंतःवैयक्तिक संचार के
(3) अंतर-वैयक्तिक संचार के
(4) जनसंचार के

**17.** किस मानदंड के आधार पर संचार को 'अंतःवैयक्तिक', 'अंतर-वैयक्तिक', 'समूह' और 'जनसंचार' में वर्गीकृत किया जा सकता है ?

(1) संचार का माध्यम
(2) संचार में भाग लेने वालों की संख्या
(3) संचार का संदेश
(4) संचार का उद्देश्य

**18.** 'Circumlocution' as a barrier to communication refers to :

(1) Communicating through excessive use of technical jargon

(2) Using an unnecessarily roundabout way of expressing an idea instead of being direct

(3) A breakdown in communication caused by physical noise in the channel

(4) Withholding information deliberately to maintain power

**18.** संचार में बाधा के रूप में "वाक्वैचित्र्य" (Circumlocution) का तात्पर्य है

(1) अत्यधिक तकनीकी विशिष्ट शब्दावली के प्रयोग से संचार करना ।

(2) किसी विचार को सीधे तरीके से व्यक्त करने के बजाए अनावश्यक रूप से घुमा-फिराकर व्यक्त करना ।

(3) संचार माध्यम में भौतिक शोर के कारण होने वाला अवरोध ।

(4) शक्ति बनाए रखने के लिए जानबूझकर सूचना को रोकना ।

**19.** A technical word interpreted differently by the sender and receiver illustrates :

(1) Physical barrier
(2) Semantic barrier
(3) Mechanical barrier
(4) Physiological barrier

**19.** कोई तकनीकी शब्द जिसे प्रेषक और प्राप्तकर्ता अलग-अलग अर्थों में समझते हैं, वह किसका उदाहरण होगा ?

(1) भौतिक बाधा
(2) अर्थगत बाधा
(3) यांत्रिक बाधा
(4) शारीरिक बाधा

**20.** In an organization, communication that takes place between employees belonging to different departments at the same hierarchical level is known as :

(1) Vertical communication
(2) Horizontal communication
(3) Diagonal communication
(4) Upward communication

**20.** किसी संगठन में समान पदानुक्रमीय स्तर पर स्थित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बीच होने वाला संचार क्या कहलाता है ?

(1) ऊर्ध्वाधर संचार
(2) क्षैतिज संचार
(3) विकर्ण संचार
(4) ऊर्ध्वगामी संचार

**21.** A shopkeeper takes 10% profit on his goods. He lost 20% of his goods during a theft. What is his loss percent ?

(1) 10%
(2) 12%
(3) 8%
(4) 14%

**21.** एक दुकानदार अपने सामान पर 10% का मुनाफा कमाता है । चोरी में उसका 20% सामान चला गया । उसका हानि प्रतिशत क्या है ?

(1) 10%
(2) 12%
(3) 8%
(4) 14%

**22.** Next term of the following letter series is -
AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .......

(1) IOQE
(2) INQF
(3) IORF
(4) INRE

**22.** निम्न वर्ण श्रेणी का अगला पद है -
AZBY, CWFT, ETJO, GQNJ, .....

(1) IOQE
(2) INQF
(3) IORF
(4) INRE

**23.** A is sister of B. F is daughter of G. C is mother of B. D is father of C. E is mother of D. A is related to D as :

(1) Granddaughter
(2) Daughter
(3) Daughter-in-law
(4) Sister

**23.** A, B की बहन है । F, G की बेटी है । C, B की माँ है । D, C के पिता है । E, D की माँ है । A का D से क्या सम्बन्ध है ?

(1) पोती/नातिन
(2) बेटी
(3) बहू
(4) बहन

**24.** Next term of the following number series is -
21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, ........

(1) 809
(2) 797
(3) 799
(4) 807

**24.** निम्न संख्या श्रेणी का अगला पद है –
21, 65, 121, 209, 321, 453, 621, .....

(1) 809
(2) 797
(3) 799
(4) 807

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ is equal to

(1) $\frac{8}{39}$

(2) $\frac{5}{39}$

(3) $\frac{7}{39}$

(4) $\frac{2}{39}$

**26.** Which of the codes given below contains only the correct statements ?

Statements :

(a) Venn diagram represents the arguments graphically.

(b) Venn diagram can enhance our understanding.

(c) Venn diagram may be called valid or invalid.

(d) Venn diagram is clear method of notation.

(1) (a), (b) and (c) only

(2) (a), (b) and (d) only

(3) (b), (c) and (d) only

(4) (a), (c) and (d) only

**27.** A horse ran 100 miles without stopping. What was the average speed in miles per hour ?

Statements :

I. The horse ran 20 miles per hour for the first 50 miles.

II. The entire journey starts from 8 pm on day one to 4 am the following day.

Select one of the answer choices given, whether the data given in the statements are sufficient for answering the question.

(1) Statement I alone is sufficient.

(2) Statement II alone is sufficient.

(3) Both statements I and II taken together are sufficient .

(4) None of the statement is sufficient.

**28.** "Planets are very large in size. Therefore, the atoms, from which they are formed, should be large enough." This inference commits which kind of fallacy ?

(1) Fallacy of ambiguity

(2) Fallacy of equivocation

(3) Fallacy of division

(4) Ad populum

**25.** $\frac{1}{15}+\frac{1}{35}+\frac{1}{63}+\frac{1}{99}+\frac{1}{143}$ बराबर है

(1) $\frac{8}{39}$

(2) $\frac{5}{39}$

(3) $\frac{7}{39}$

(4) $\frac{2}{39}$

**26.** नीचे दिए गए कूटों में से किसमें केवल सही कथन है ?

कथन :

(a) वेन आरेख तर्कों को ग्राफ के रूप में दिखाता है ।

(b) वेन आरेख हमारी समझ को बेहतर बना सकता है ।

(c) वेन आरेख को सही या गलत कहा जा सकता है ।

(d) वेन आरेख आकृतियों को दिखाने का एक स्पष्ट तरीका है ।

(1) केवल (a), (b) और (c)

(2) केवल (a), (b) और (d)

(3) केवल (b), (c) और (d)

(4) केवल (a), (c) और (d)

**27.** एक घोड़ा बिना रुके 100 मील दौड़ा । उसकी औसत गति मील प्रति घंटा में क्या थी ?

कथन

I. घोड़ा पहले 50 मील तक 20 मील प्रति घंटा की गति से दौड़ा ।

II. पूरी यात्रा पहले दिन रात 8 बजे शुरू हुई और अगले दिन सुबह 4 बजे खत्म हुई ।

दिये गये उत्तर विकल्पों में से चुनकर बतायें कि क्या कथनों में दी गयी जानकारी सवाल का जवाब देने के लिये काफी है ।

(1) सिर्फ कथन I काफी है ।

(2) सिर्फ कथन II काफी है ।

(3) कथन I और II मिलकर काफी हैं ।

(4) कोई भी कथन काफी नहीं है ।

**28.** “ग्रहों का आकार बहुत बड़ा है । इसलिये परमाणु, जिससे ये बने हैं, का आकार पर्याप्त बड़ा होना चाहिये ।” यह अनुमान किस प्रकार के हेत्वाभास को दिखाता है ?

(1) अस्पष्टता का हेत्वाभास

(2) शब्दार्थ-भ्रम का हेत्वाभास

(3) विभाजन का हेत्वाभास

(4) लोकप्रियता का तर्कदोष

**29.** Consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumptions is implicit in the statement.
Statement : The new environmental law has been passed in our parliament with two-third majority.
Assumptions :
I : Protecting the environment has become a very important issue in our society.
II : This will absolve the government of its responsibility for any further damage to the environment.

(1) Only assumption I is implicit.
(2) Only assumption II is implicit.
(3) Both I and II are implicit.
(4) Neither I nor II is implicit.

**30.** Consider the following propositions :
A is human and mortal.
B is human and mortal.
C is human and mortal.
D is human and mortal.
Therefore, 'All humans are mortal' is an example of :

(1) Deductive argument
(2) Inductive argument
(3) Syllogistic argument
(4) None of these

**31.** Which of the following best describes the primary purpose of data governance in an organization ?

(1) Managing the complete life cycle of data, including storage, processing and disposal.
(2) Identifying key business entities and improving the quality of master data.
(3) Establishing processes, roles, policies, standards and responsibilities to ensure the effective and efficient use of data.
(4) Creating and maintaining data warehouses for business intelligence applications.

**32.** In qualitative data interpretation, data is often coded primarily to :

(1) Calculate the mean and standard deviation.
(2) Convert data into numerical values.
(3) Group and label data into identifiable themes.
(4) Perform regression analysis.

**29.** कथन और उसके बाद दी गई धारणाओं पर विचार करें और तय करें कि कौन सी धारणा कथन में निहित हैं ।
कथन : हमारी संसद में नया पर्यावरण कानून दो-तिहाई बहुमत से पारित किया गया है ।
धारणाएँ :
I : हमारे समाज में पर्यावरण की रक्षा करना एक बहुत महत्त्वपूर्ण मुद्दा बन गया है ।
II : इससे सरकार पर्यावरण को होने वाले किसी भी और नुकसान के लिये अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जायेगी ।

(1) केवल धारणा I निहित है ।
(2) केवल धारणा II निहित है ।
(3) I और II दोनों निहित हैं ।
(4) न तो I और न ही II निहित है ।

**30.** निम्न तर्कवाक्यों पर विचार करें :
A इंसान है और नश्वर है ।
B इंसान है और नश्वर है ।
C इंसान है और नश्वर है ।
D इंसान है और नश्वर है ।
इसलिये, 'सभी इंसान नश्वर हैं ।' किसका उदाहरण है ?

(1) निगमनात्मक तर्क
(2) आगमनात्मक तर्क
(3) न्याय-वाक्य सम्बन्धी तर्क
(4) इनमें से कोई नहीं

**31.** निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प किसी संगठन में प्रदत्त शासन के प्रमुख उद्देश्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है ?

(1) प्रदत्त के सम्पूर्ण जीवन-चक्र का प्रबन्धन करना, जिसमें उसका भंडारण, प्रसंस्करण तथा निपटान सम्मिलित हैं ।
(2) प्रमुख व्यावसायिक इकाइयों की पहचान करना तथा मूल प्रदत्त की गुणवत्ता में सुधार करना ।
(3) प्रदत्त के प्रभावी एवं दक्ष उपयोग को सुनिश्चित करने हेतु प्रक्रियाओं, भूमिकाओं, नीतियों, मानकों तथा उत्तरदायित्वों की स्थापना करना ।
(4) व्यावसायिक बुद्धिमत्ता अनुप्रयोगों के लिए प्रदत्त भंडारों का निर्माण एवं रखरखाव करना ।

**32.** गुणात्मक आँकड़ों की व्याख्या में आँकड़ों का कूटांकन मुख्यतः किस उद्देश्य से किया जाता है ?

(1) माध्य एवं मानक विचलन की गणना करने के लिए ।
(2) आँकड़ों को संख्यात्मक मानों में परिवर्तित करने के लिए ।
(3) आँकड़ों को पहचान योग्य विषय-वस्तुओं के आधार पर समूहबद्ध एवं नामांकित करने के लिए ।
(4) प्रतिगमन विश्लेषण करने के लिए

**33.** Study the following graph carefully and answer the given question. The graph consists of data about the number of vehicles produced by companies X & Y over the years.
In which of the following years, the difference between the productions of companies X & Y was the maximum ?




(1) 2010 (2) 2008
(3) 2007 (4) 2009

**34.** The bar graph consists of data on number of students passed (in thousands) from two universities A and B in the years 2003 to 2008. Study the bar graph given below and answer the following question :
What is difference between the total number of students passed from both the universities together in 2007 and the total number of students passed from both the universities together in year 2005 ?




(1) 20000 (2) 30000
(3) 60000 (4) 70000

**33.** नीचे दिए गए ग्राफ को ध्यान से देखें और पूछे गये सवाल का जवाब दें । यह ग्राफ X और Y दो कंपनियों द्वारा विभिन्न वर्षों में बनाए गए वाहनों की संख्या के बारे में जानकारी देता है ।
इनमें से किस साल में कंपनी X और Y के उत्पादन के बीच का अन्तर सबसे अधिक था ?




(1) 2010 (2) 2008
(3) 2007 (4) 2009

**34.** बार आरेख में 2003 से 2008 तक के वर्षों में दो विश्वविद्यालयों A और B से उत्तीर्ण छात्रों की संख्या (हज़ारों में) का आँकड़ा दिया गया है । नीचे दिए गए बार आरेख का अध्ययन करें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें :
वर्ष 2007 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या और वर्ष 2005 में दोनों विश्वविद्यालयों से मिलाकर उत्तीर्ण छात्रों की कुल संख्या के बीच कितना अन्तर था ?




(1) 20000 (2) 30000
(3) 60000 (4) 70000

**35.** The following table presents data on the number of vehicles of three types (A, B and C) produced by a company over seven years, from 2012 to 2018. Based on data in table, answer the question given below :

The number of A type vehicles produced in the year 2014 was what percent of the number of C type of vehicles produced in the year 2016 ?

| Year | A Type | B Type | C Type |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) Approximately 33.33%
(2) Approximately 66.67%
(3) Approximately 50.25%
(4) Approximately 15.63%

**36.** The primary purpose of the National Academic Depository is

(1) To host video lectures for university students.
(2) To provide Massive Open Online Courses (MOOCs).
(3) To facilitate the digital storage and verification of academic degrees.
(4) To provide funds for the research projects.

**37.** The objective of Digital India Mission is :

(1) To transform India into a digitally empowered society and knowledge economy.
(2) To promote industries.
(3) To develop agricultural field.
(4) To enhance the physical infrastructure.

**38.** Which layer of OSI reference model establishes the route between the sending and receiving stations ?

(1) Network layer (2) Data link layer
(3) Transport layer (4) Physical layer

**35.** निम्नलिखित तालिका में एक कंपनी द्वारा सात वर्षों 2012 से 2018 तक, तीन प्रकार के वाहनों (A, B और C) के उत्पादन की संख्या के बारे में आँकड़ा प्रस्तुत किया गया है। तालिका में दिए गए आँकड़ों के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

वर्ष 2014 में बनी A प्रकार के वाहनों की संख्या, वर्ष 2016 में बनी C प्रकार के वाहनों की संख्या का कितना प्रतिशत थी ?

| वर्ष | A प्रकार | B प्रकार | C प्रकार |
|---|---|---|---|
| 2012 | 5,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2013 | 15,000 | 10,000 | 22,500 |
| 2014 | 10,000 | 15,000 | 30,000 |
| 2015 | 17,500 | 15,000 | 23,000 |
| 2016 | 25,000 | 20,000 | 15,000 |
| 2017 | 13,000 | 25,000 | 20,000 |
| 2018 | 30,000 | 35,000 | 25,000 |

(1) लगभग 33.33% (2) लगभग 66.67%
(3) लगभग 50.25% (4) लगभग 15.63%

**36.** नेशनल एकेडेमिक डिपोजिटरी का मूल उद्देश्य क्या है ?

(1) विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए वीडियो लेक्चर (दृश्य-श्रव्य व्याख्यान) आयोजित/उपलब्ध करवाना।
(2) वृहद् मुक्त ऑनलाइन पाठ्यक्रम (MOOCs) उपलब्ध करवाना।
(3) शैक्षणिक उपाधियों के डिजिटल भंडारण एवम् सत्यापन को सुगम बनाना।
(4) शोध परियोजनाओं (रिसर्च प्रोजेक्ट) के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाना।

**37.** डिजिटल इंडिया मिशन का उद्देश्य क्या है ?

(1) भारत को डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवम् ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करना।
(2) उद्योगों को बढ़ावा देना।
(3) कृषि क्षेत्र का विकास करना।
(4) भौतिक अवसंरचना (फीजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत बनाना।

**38.** ओ.एस.आई. संदर्भ मॉडल की कौन सी परत (लेयर) प्रेषक और प्राप्तकर्ता स्टेशनों के बीच पथ (रूट) का निर्धारण करती है ?

(1) नेटवर्क परत (2) डेटा लिंक परत
(3) ट्रांसपोर्ट परत
(4) भौतिक (फीजिकल) परत

**39.** Which protocol is used for remote login ?

(1) HTTP (2) FTP

(3) SMTP (4) Telnet

**40.** Which of the following is a unique 12 digit identification number linked to the Academic Bank of Credits (ABC) ?

(1) Aadhar (2) APAAR

(3) ISSN (4) IMEI

**41.** What is key conceptual difference between the Millennium Development Goals (MDGs) and Sustainable Development Goals (SDGs) ?

(1) MDGs focused only on environmental issues, while SDGs focus only on economic issues.

(2) MDGs were universal while SDGs apply only to developing countries.

(3) Compared with MDGs, the SDGs integrate economic, social and environmental dimensions of development more comprehensively.

(4) MDGs included more objectives and targets than SDGs.

**42.** Excessive application of Nitrogen-rich fertilizers is most commonly associated with which of the following environmental impacts ?

(1) Increased soil salinity.

(2) Eutrophication and acceleration in soil acidification.

(3) Eutrophication and acceleration in soil basicity.

(4) Both Increased soil salinity & Eutrophication and acceleration in soil acidification.

**43.** According to India's National Forest Policy (1988), what proportion of total geographical area of country's hilly and mountainous region should be maintained under forest and tree cover ?

(1) One-third of such area

(2) One-fourth of such area

(3) Two-fifth of such area

(4) Two-third of such area

**39.** कौन सा प्रोटोकॉल दूरस्थ लॉगिन (रिमोट लॉगिन) के काम आता है ?

(1) HTTP (2) FTP

(3) SMTP (4) Telnet

**40.** एकेडेमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (ABC) से संबद्ध 12 अंक की अनन्य परिचायक संख्या (यूनिक आइडेंटिटी नंबर) है :

(1) आधार (2) अपार

(3) आई.एस.एस.एन. (4) आई.एम.ई.आई.

**41.** सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (MDGs) तथा सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) के मध्य मुख्य वैचारिक अंतर क्या है ?

(1) MDGs केवल पर्यावरणीय विषयों पर केन्द्रित थे, जबकि SDGs केवल आर्थिक विषयों पर केन्द्रित हैं ।

(2) MDGs सार्वभौमिक थे, जबकि SDGs केवल विकासशील देशों पर लागू होते हैं ।

(3) MDGs की तुलना में SDGs विकास के आर्थिक, सामाजिक तथा पर्यावरणीय आयामों को अधिक व्यापक रूप से एकीकृत करते हैं ।

(4) MDGs में SDGs की तुलना में अधिक उद्देश्य एवं लक्ष्य शामिल थे ।

**42.** नाइट्रोजन-समृद्ध उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग सामान्यतः निम्नलिखित में से किस पर्यावरणीय परिणाम से सर्वाधिक संबंधित है ?

(1) मृदा लवणता में बढ़ोतरी ।

(2) सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण ।

(3) सुपोषणता एवं मृदा क्षारकता त्वरण ।

(4) दोनों मृदा लवणता में बढ़ोतरी एवं सुपोषणता एवं मृदा अम्लीकरण त्वरण ।

**43.** भारत की राष्ट्रीय वन नीति (1988) के अनुसार, देश के पर्वतीय एवं पहाड़ी क्षेत्रों के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का कितना भाग वन एवं वृक्ष आवरण के अंतर्गत बनाये रखा जाना चाहिए ?

(1) ऐसे क्षेत्रफल का एक-तिहाई

(2) ऐसे क्षेत्रफल का एक-चौथाई

(3) ऐसे क्षेत्रफल का दो-पंचमांश

(4) ऐसे क्षेत्रफल का दो-तिहाई

**44.** Which of the following groups of gases is NOT strictly a group of greenhouse gases ?

(1) Carbon dioxide ($CO_2$), Nitrous oxide ($N_2O$), Methane ($CH_4$)

(2) Carbon monoxide (CO), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

(3) Carbon dioxide ($CO_2$), Ozone ($O_3$), Methane ($CH_4$)

(4) Water vapour ($H_2O$), Carbon dioxide ($CO_2$), Methane ($CH_4$)

**44.** निम्नलिखित में से कौन सा गैसों का समूह पूर्णतः ग्रीनहाउस गैसों का समूह नहीं है ?

(1) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), नाइट्रस ऑक्साइड ($N_2O$), मीथेन ($CH_4$)

(2) कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

(3) कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), ओजोन ($O_3$), मीथेन ($CH_4$)

(4) जल वाष्प ($H_2O$), कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$), मीथेन ($CH_4$)

**45.** Which of the following sequences correctly represents the chronological order of the standard disaster management cycle phases as recognized by the National Disaster Management Authority (NDMA), Government of India ?

(1) Mitigation → Preparedness → Response → Recovery

(2) Recovery → Mitigation → Response → Preparedness

(3) Response → Mitigation → Recovery → Preparedness

(4) Preparedness → Recovery → Mitigation → Response

**45.** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA), भारत सरकार द्वारा मान्यता-प्राप्त मानक आपदा प्रबंधन चक्र के चरणों के सही कालानुक्रमिक क्रम को निम्नलिखित में से कौन सा अनुक्रम दर्शाता है ?

(1) शमन → तत्परता → अनुक्रिया → पुनर्प्राप्ति

(2) पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया → तत्परता

(3) अनुक्रिया → शमन → पुनर्प्राप्ति → तत्परता

(4) तत्परता → पुनर्प्राप्ति → शमन → अनुक्रिया

**46.** Which of the following organizations is working for Indianization of education ?

(1) Smile foundation (2) Nanhi Kali

(3) Bhartiya Shikshan Mandal

(4) Rupayan Sansthan, Borunda

**46.** निम्नलिखित में से कौन सा संगठन शिक्षा के भारतीयकरण के लिए कार्यरत है ?

(1) स्माइल फाउंडेशन (2) नन्ही कली

(3) भारतीय शिक्षण मंडल (4) रूपायन संस्थान, बोरुंदा

**47.** Which of the following is an ancient language typically studied under oriental learning institution in India ?

(1) Mojo (2) Prakrit

(3) Verse (4) Carbon

**47.** निम्नलिखित में से कौन सी एक पुरातन भाषा है, जिसका अध्ययन सामान्यतः भारत के प्राच्य शिक्षा (ओरिएन्टल लर्निंग) संस्थानों में किया जाता है ?

(1) मोजो (Mojo) (2) प्राकृत (Prakrit)

(3) वर्स (Verse) (4) कार्बन (Carbon)

**48.** Which is a national skill certification scheme aimed at making India's youth job ready ?

(1) PMJDY (2) PMKVY

(3) PMJAY (4) PMSBY

**48.** कौन सी राष्ट्रीय कौशल प्रमाणन योजना भारत के युवाओं को रोज़गार के लिए तैयार करती है ?

(1) पीएमजेडीवाई (2) पीएमकेवीवाई

(3) पीएमजेएवाई (4) पीएमएसबीवाई

**49.** The PM Shri Narendra Modi urged to revive which old Indian tradition in the 135th episode of Mann Ki Baat ?

(1) Ashwamedha (2) Jatkarma

(3) Rajyabhishek (4) Shastrartha

**49.** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात के 135वें संस्करण में किस भारतीय पुरातन पद्धति के पुनरुत्थान की बात कही ?

(1) अश्वमेध (2) जातकर्म

(3) राज्याभिषेक (4) शास्त्रार्थ

**50.** Grammarian Panini was associated with :

(1) Nalanda (2) Vikramshila

(3) Takshashila (4) Odantpuri

**50.** वैयाकरण पाणिनि किस विश्वविद्यालय से जुड़े थे ?

(1) नालंदा (2) विक्रमशिला

(3) तक्षशिला (4) उदंतपुरी

# Part-II / भाग-II

**51.** The World Trade Organisation (W.T.O.) was established on :

(1) 1 January, 2005 (2) 1 January, 2004
(3) 1 January, 1994 (4) 1 January, 1995

**51.** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यू.टी.ओ.) की स्थापना कब हुई थी ?

(1) 1 जनवरी, 2005 (2) 1 जनवरी, 2004
(3) 1 जनवरी, 1994 (4) 1 जनवरी, 1995

**52.** State the full form of FEMA in the context of international trade :

(1) Foreign Exchange Management Act
(2) Foreign Export Management Act
(3) Fast Export Money Act
(4) Free India Market Act

**52.** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार के अन्तर्गत फेमा (एफ.ई.एम.ए.) का पूरा नाम बताइये :

(1) विदेशी मुद्रा प्रबन्धन अधिनियम
(2) विदेशी निर्यात प्रबन्धन अधिनियम
(3) तेज निर्यात धन अधिनियम
(4) मुक्त भारत बाज़ार अधिनियम

**53.** The Economic Environment of a business does not include one of the following factors :

(1) Economic policies
(2) Economic conditions
(3) Unfair Trade practices
(4) Economic systems

**53.** एक व्यवसाय के आर्थिक वातावरण में निम्न में से किसी एक को शामिल नहीं किया जाता है :

(1) आर्थिक नीतियाँ (2) आर्थिक स्थितियाँ
(3) अनुचित व्यापार आचरण
(4) आर्थिक प्रणाली

**54.** The comparative cost theory of International trade was developed by :

(1) Adam smith (2) Alfred Marshall
(3) John Keynes (4) David Ricardo

**54.** अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की तुलनात्मक लागत अवधारणा किसके द्वारा विकसित की गई ?

(1) एडम स्मिथ (2) अल्फ्रेड मार्शल
(3) जॉन कीन्स (4) डेविड रिकार्डो

**55.** Which agreement promotes international trade in banking, insurance and tourism services ?

(1) GATS (2) TRIPs
(3) TRIMs
(4) Agreement on Agriculture

**55.** कौन सा समझौता बैंकिंग, बीमा एवं पर्यटन सेवाओं में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देता है ?

(1) गैट्स (GATS) (2) ट्रिप्स (TRIPs)
(3) ट्रिम्स (TRIMs) (4) कृषि पर समझौता

**56.** DPIIT stands for :

(1) Department for Promotion of Industry and Internal Trade
(2) Department of Public Investment and International Trade
(3) Directorate for Promotion of Industrial Investment and Trade
(4) Department of Private Industry and International Trade

**56.** DPIIT का पूरा नाम है :

(1) डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड
(2) डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक इन्वेस्टमेंट एंड इंटरनेशनल ट्रेड
(3) डायरेक्टरेट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्रियल इन्वेस्टमेंट एंड ट्रेड
(4) डिपार्टमेंट ऑफ प्राइवेट इंडस्ट्री एंड इंटरनेशनल ट्रेड

57. Repo rate refers to the rate at which :

(1) RBI borrows short-term money from the market.
(2) Bank keeps the money with RBI.
(3) Bank takes money from RBI after offering some securities.
(4) Forex is purchased by RBI.

58. Provision for the allocation of Special Drawing Rights (SDRs) was made by :

(1) World Bank
(2) International Bank for Reconstruction and Development
(3) International Monetary Fund
(4) International Development Agency

59. Which of the following statements correctly differentiates fiscal policy from monetary policy ?

(1) Fiscal policy is implemented by RBI, while monetary policy is implemented by the Government.
(2) Fiscal policy deals with taxation and public expenditure whereas monetary policy deals with money supply and credit.
(3) Both are implemented by the Ministry of Finance.
(4) Monetary policy focuses on public expenditure.

60. A Central Consumer Protection Council is established by the

(1) State Government
(2) Central Government
(3) President of India
(4) Parliament

57. रेपो दर से तात्पर्य उस दर से है जिस पर :

(1) RBI बाज़ार से अल्पकालिक धन उधार लेता है ।
(2) बैंक अपना पैसा RBI के पास रखते हैं ।
(3) बैंक कुछ प्रतिभूतियों को गिरवी रखकर RBI से पैसा लेते हैं ।
(4) RBI द्वारा विदेशी मुद्रा खरीदी जाती है ।

58. विशेष आहरण अधिकार (एस.डी.आर.) के सभी अवसरों के लिए प्रावधान किसके द्वारा किया गया था ?

(1) विश्व बैंक
(2) अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक
(3) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
(4) अन्तर्राष्ट्रीय विकास एजेन्सी

59. इनमें से कौन सा कथन राजकोषीय नीति (Fiscal Policy) और मौद्रिक नीति (Monetary Policy) के बीच सही अंतर बताता है ?

(1) राजकोषीय नीति RBI द्वारा लागू की जाती है, जबकि मौद्रिक नीति सरकार द्वारा लागू की जाती है ।
(2) राजकोषीय नीति का संबंध कराधान (Taxation) और सार्वजनिक व्यय से है, जबकि मौद्रिक नीति का संबंध मुद्रा आपूर्ति और ॠण से है ।
(3) दोनों ही वित्त मंत्रालय द्वारा लागू की जाती हैं ।
(4) मौद्रिक नीति सार्वजनिक व्यय पर केंद्रित होती है ।

60. केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण परिषद् किसके द्वारा स्थापित की जाती है ?

(1) राज्य सरकार
(2) केन्द्र सरकार
(3) भारत के राष्ट्रपति
(4) संसद

**61.** Match the following by selecting correct code :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Admission of Partner | 1. Realization Account |
| b. Retirement of Partner | 2. Sacrificing Ratio |
| c. Dissolution of Firm | 3. Gaining Ratio |
| d. Death of Partner | 4. Executor's Account |

Code :

(1) a-2, b-3, c-1, d-4 (2) a-1, b-2, c-3, d-4
(3) a-3, b-2, c-1, d-4 (4) a-2, b-1, c-4, d-3

**62.** Calculate Stock Turnover Ratio from the following information :
Opening Stock : ₹ 20,000
Sales : ₹ 1,20,000
Purchase : ₹ 80,000
Carriage inwards : ₹ 5,000
Closing Stock : ₹ 30,000

(1) 4 Times (2) 3 Times
(3) 2 Times (4) 1 Time

**63.** A machine was purchased for ₹ 5,00,000 on April 1, 2022 on which date the wholesale price index was 300. On 31st March, 2026 the same index was increased to 600. On 31st March, 2026 the current value of machine would be :

(1) ₹ 5,00,000 (2) ₹ 10,00,000
(3) ₹ 15,00,000 (4) ₹ 20,00,000

**64.** Two companies, A Ltd. and B Ltd. go into liquidation to form a new company, C Ltd. It is a case of :

(1) Absorption (2) Amalgamation
(3) External Reconstruction
(4) Double Account System

**65.** What is the value of stock if current liabilities are ₹ 3,00,000, current ratio is 3:1 and quick ratio is 1:1 ?

(1) ₹ 6,00,000 (2) ₹ 5,00,000
(3) ₹ 7,00,000 (4) ₹ 8,00,000

**61.** सही कूट का चयन करते हुए निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. साझेदार का प्रवेश | 1. वसूली खाता |
| b. साझेदार की निवृत्ति | 2. त्याग अनुपात |
| c. फर्म का विघटन | 3. लाभ अनुपात |
| d. साझेदार की मृत्यु | 4. निष्पादक खाता |

कोड :

(1) a-2, b-3, c-1, d-4 (2) a-1, b-2, c-3, d-4
(3) a-3, b-2, c-1, d-4 (4) a-2, b-1, c-4, d-3

**62.** निम्न सूचनाओं की सहायता से स्टॉक आवर्त अनुपात ज्ञात कीजिए :
प्रारम्भिक स्टॉक : ₹ 20,000
विक्रय : ₹ 1,20,000
क्रय : ₹ 80,000
आवक गाड़ी भाड़ा : ₹ 5,000
अन्तिम स्टॉक : ₹ 30,000

(1) 4 बार (2) 3 बार
(3) 2 बार (4) 1 बार

**63.** 1 अप्रैल, 2022 को एक मशीन ₹ 5,00,000 में खरीदी गई । उस दिन थोक मूल्य सूचकांक 300 तथा 31 मार्च, 2026 को बढ़कर सूचकांक 600 था । 31 मार्च, 2026 को मशीन का चालू मूल्य ज्ञात कीजिए :

(1) ₹ 5,00,000 (2) ₹ 10,00,000
(3) ₹ 15,00,000 (4) ₹ 20,00,000

**64.** दो कम्पनियाँ A लि. तथा B लि. का परिसमापन होकर एक नई कम्पनी C लि. बनाई जाती है । यह मामला कहलाता है :

(1) अवशोषण (2) एकीकरण
(3) बाह्य पुनर्निर्माण (4) द्वि खाता प्रणाली

**65.** यदि चालू दायित्व ₹ 3,00,000 हैं, चालू अनुपात 3:1 है और त्वरित अनुपात 1:1 है, तो स्टॉक का मूल्य क्या है ?

(1) ₹ 6,00,000 (2) ₹ 5,00,000
(3) ₹ 7,00,000 (4) ₹ 8,00,000

66. A continuous Audit is especially needed for
(1) Manufacturing Companies
(2) Banking Companies
(3) Smaller Concerns
(4) Any Trading Organisation

67. Which cost belongs to product level cost under activity-based costing ?
(1) Direct Material Cost
(2) Engineering Changes Cost
(3) Machine Setup Cost
(4) Material handling Cost

68. Match the following by selecting correct code :

| | List-I | List-II |
|---|---|---|
| a. | Marginal Costing | 1. Continuous Improvement |
| b. | ABC Costing | 2. Contribution Analysis |
| c. | Kaizen Costing | 3. Cost Drivers |
| d. | Target Costing | 4. Market Price - Desired Profit |

Code :
(1) a-2, b-3, c-1, d-4 (2) a-3, b-2, c-4, d-1
(3) a-2, b-1, c-3, d-4 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

69. Match the following statements by selecting correct code :

| | List-I | List-II |
|---|---|---|
| a. | Lev & Schwartz model | 1. Present value of future earning |
| b. | Flamholtz model | 2. Expected realizable value |
| c. | Likert model | 3. Human organization variables |
| d. | Brummet model | 4. Historical cost approach |

Code :
(1) a-1, b-2, c-3, d-4 (2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

66. सतत अंकेक्षण की विशेष रूप से आवश्यकता किसके लिए होती है ?
(1) विनिर्माण कम्पनियों के लिए
(2) बैंकिंग कम्पनियों के लिए
(3) छोटे व्यवसायों के लिए
(4) किसी भी व्यापारिक संगठन के लिए

67. क्रिया आधारित लागत लेखांकन में कौन सी लागत उत्पाद स्तर की लागत है ?
(1) प्रत्यक्ष सामग्री लागत
(2) इंजीनियरिंग परिवर्तन की लागत
(3) मशीन सेटअप लागत (4) सामग्री हैण्डलिंग लागत

68. सही कूट का चयन करते हुए निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| a. | सीमांत लागत निर्धारण | 1. निरंतर सुधार |
| b. | गतिविधि आधारित लागत निर्धारण | 2. योगदान विश्लेषण |
| c. | काइज़ेन लागत निर्धारण | 3. लागत प्रेरक |
| d. | लक्ष्य लागत निर्धारण | 4. बाज़ार मूल्य-वांछित लाभ |

कोड :
(1) a-2, b-3, c-1, d-4 (2) a-3, b-2, c-4, d-1
(3) a-2, b-1, c-3, d-4 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

69. सही कूट का चयन करते हुए निम्नलिखित कथनों का मिलान कीजिए :

| | सूची-I | सूची-II |
|---|---|---|
| a. | लेव एवं स्वाज मॉडल | 1. भावी आय का वर्तमान मूल्य |
| b. | फ्लेमहोल्ट्स मॉडल | 2. अपेक्षित वास्तविक मूल्य |
| c. | लिकर्ट मॉडल | 3. मानव संगठनात्मक चर |
| d. | ब्रमेट मॉडल | 4. ऐतिहासिक लागत दृष्टिकोण |

कूट :
(1) a-1, b-2, c-3, d-4 (2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

**70.** Match the following statements by choosing correct code :

**Statement-I :** Activity Based Costing allocates overheads using cost drivers.

**Statement-II :** Activity Based Costing improves the accuracy of product costing.

**Codes :**

(1) Both statements are true.

(2) Both statements are false.

(3) Statement-I is true, statement-II is false.

(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**71.** Which of the following is not a correct statement ?

(1) Business Economics is a normative science.

(2) Business Economics is an art.

(3) Business Economics is based largely on micro Economics.

(4) Business Economics does not incorporate elements of macro Economics.

**72.** Which of the following is not a reason for the application of the law of demand ?

(1) Income effect (2) Substitution effect

(3) Diminishing marginal utility effect

(4) Veblen effect

**73.** Match the statement given under A with the correct options given under B :

| A | B |
|---|---|
| i. Law of diminishing Marginal Utility | a. Slope of indifference curve |
| ii. Marginal rate of substitution | b. Fundamental psychological law |
| iii. Indifference map | c. Point of satiety |
| iv. Zero marginal utility | d. Family of indifference curve |

Code :

(1) i-c, ii-d, iii-b, iv-a (2) i-b, ii-a, iii-d, iv-c

(3) i-a, ii-c, iii-b, iv-d (4) i-a, ii-b, iii-c, iv-d

**74.** Which cost decreases continuously with increase in production ?

(1) Average fixed cost

(2) Average variable cost

(3) Average total cost (4) Marginal cost

**70.** सही कूट का चयन करते हुए निम्नांकित कथनों का मिलान कीजिये :

**कथन-I :** गतिविधि आधारित लागत निर्धारण में उपरिव्ययों का आवंटन लागत प्रेरकों के आधार पर किया जाता है।

**कथन-II :** गतिविधि आधारित लागत (ABC) निर्धारण उत्पाद लागत की शुद्धता में सुधार करता है।

**कूट :**

(1) दोनों कथन सत्य हैं। (2) दोनों कथन असत्य हैं।

(3) कथन-I सत्य है, जबकि कथन-II असत्य है।

(4) कथन-I असत्य है, जबकि कथन-II सत्य है।

**71.** निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) व्यावसायिक अर्थशास्त्र एक आदर्श विज्ञान है।

(2) व्यावसायिक अर्थशास्त्र एक कला है।

(3) व्यावसायिक अर्थशास्त्र मुख्यत: व्यष्टि अर्थशास्त्र पर आधारित है।

(4) व्यावसायिक अर्थशास्त्र समष्टि अर्थशास्त्र के तत्त्वों को समाहित नहीं करता।

**72.** निम्नांकित में से कौन सा माँग के नियम के लागू होने का कारण नहीं है ?

(1) आय प्रभाव (2) प्रतिस्थापन प्रभाव

(3) ह्रासमान सीमान्त उपयोगिता प्रभाव

(4) वेबलेन (Veblen) प्रभाव

**73.** A के अन्तर्गत नीचे दिये गये कथनों को B के अन्तर्गत नीचे दिये गये कथनों से सुमेलित कीजिए :

| A | B |
|---|---|
| i. सीमान्त उपयोगिता ह्रास नियम | a. उदासीनता वक्र का ढाल |
| ii. प्रतिस्थापन की सीमान्त दर | b. आधारभूत मनोवैज्ञानिक नियम |
| iii. उदासीनता मानचित्र | c. पूर्ण संतुष्टि बिन्दु |
| iv. शून्य सीमान्त उपयोगिता | d. उदासीनता वक्रों का परिवार |

**कूट :**

(1) i-c, ii-d, iii-b, iv-a (2) i-b, ii-a, iii-d, iv-c

(3) i-a, ii-c, iii-b, iv-d (4) i-a, ii-b, iii-c, iv-d

**74.** उत्पादन में वृद्धि के साथ कौन सी लागत निरन्तर गिरती है ?

(1) औसत स्थिर लागत

(2) औसत परिवर्तनशील लागत

(3) औसत कुल लागत (4) सीमान्त लागत

**75.** Match the following :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Income Elasticity | 1. Change in quantity demanded due to price change |
| b. Price Elasticity | 2. Change in demand due to income change. |
| c. Cross Elasticity | 3. Elasticity over a range of prices |
| d. Arc Elasticity | 4. Related goods |

Code :

(1) a-2, b-1, c-4, d-3 (2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-2, b-3, c-1, d-4

**76.** **Assertion (A) :** The law of variable proportion operates only in the short run.
**Reason (R) :** Atleast one factor of production remains fixed in the short run.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) correctly explains (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) does not correctly explain (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**77.** Downward sloping and comparatively more elastic demand curve is found in _____

(1) Perfect competition
(2) Monopoly
(3) Monopolistic competition
(4) Oligopoly

**78.** Which pricing strategy is generally used for innovative products ?

(1) Penetration Pricing
(2) Marginal cost Pricing
(3) Price Skimming
(4) Competitive Pricing

**79.** Who is associated with the Cost-plus pricing theory ?

(1) Hall and Hitch (2) Baumol
(3) Walter (4) Hull and Hooch

**75.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. आय लोच | 1. कीमत परिवर्तन के कारण माँग की गई मात्रा में परिवर्तन |
| b. कीमत लोच | 2. आय में परिवर्तन के कारण माँग में परिवर्तन |
| c. आड़ी लोच | 3. कीमतों की एक सीमा पर लोच |
| d. चाप लोच | 4. सम्बन्धित वस्तुएँ |

कूट :

(1) a-2, b-1, c-4, d-3 (2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-2, b-3, c-1, d-4

**76.** **अभिकथन (A) :** परिवर्तनशील अनुपात का नियम केवल अल्पकाल में ही लागू होता है ।
**कारण (R) :** अल्पकाल में उत्पादन का कम से कम एक कारक स्थिर रहता है ।

(1) दोनों (A) और (R) सही हैं, (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) दोनों (A) और (R) सही हैं, (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) (A) सही है, (R) गलत है ।
(4) (A) गलत है, (R) सही है ।

**77.** तुलनात्मक रूप से गिरता हुआ अधिक लोचदार माँग वक्र _______ में पाया जाता है ।

(1) पूर्ण प्रतिस्पर्धा (2) एकाधिकार
(3) एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा
(4) अल्पाधिकार

**78.** नवोन्मेषी उत्पादों के लिए आमतौर पर कौन सी मूल्य निर्धारण रणनीति इस्तेमाल की जाती है ?

(1) पेनेट्रेशन मूल्य निर्धारण रणनीति
(2) सीमांत लागत मूल्य निर्धारण रणनीति
(3) कीमत निर्धारण की प्राइस स्किमिंग रणनीति
(4) प्रतिस्पर्धी कीमत निर्धारण रणनीति

**79.** लागत-योग मूल्य निर्धारण सिद्धान्त से कौन सम्बन्धित है ?

(1) हाल एण्ड हिच (2) बॉउमल
(3) वाल्टर (4) हल एण्ड हूच

**80.** According to the mathematical and economical logic of peak load pricing, if capacity is not fully utilized during off-peak periods, the full cost of capacity expansion should be born by :

(1) Only off-peak consumers

(2) By the government in the form of subsidy.

(3) Only peak-loaded consumers.

(4) Equally by consumers in both periods (off-peak and peak loaded)

**81.** If a person deposit ₹ 5,000 today at 6% rate of interest, in how many years will this amount double by using the "rule of 69" ?

(1) 12 years (2) 11.85 years

(3) 6 years

(4) Cannot be determined due to insufficient information.

**82.** Match the following statements by choosing correct option :

**Statement-I :** NPV method assumes reinvestment at cost of capital.

**Statement-II :** IRR method assumes reinvestment at IRR itself.

(1) Both statements are true.

(2) Both statements are false.

(3) Statement-I is true, statement-II is false.

(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**83.** Match the following statements by choosing correct option :

**Statement-I :** Working capital = Current Assets – Current Liabilities.

**Statement-II :** Negative working capital always indicates poor financial health.

(1) Both statements are true.

(2) Both statements are false.

(3) Statement-I is true, statement-II is false.

(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**80.** पीक लोड प्राइसिंग के गणितीय और आर्थिक तर्क के अनुसार, यदि ऑफ-पीक अवधि में क्षमता का पूरी तरह से उपयोग नहीं होता है, तो क्षमता विस्तार की पूरी लागत किसके द्वारा वहन की जानी चाहिये ?

(1) केवल ऑफ-पीक उपभोक्ताओं द्वारा

(2) सरकार द्वारा सब्सिडी के रूप में

(3) केवल पीक-लोडेड उपभोक्ताओं द्वारा

(4) दोनों अवधियों (ऑफ-पीक और पीक-लोडेड) के उपभोक्ताओं द्वारा समान स्तर से ।

**81.** अगर एक व्यक्ति मात्र 6% की ब्याज दर पर ₹ 5,000 जमा करता है, तो "नियम-69" के अनुसार यह रकम कितने वर्षों में दुगनी हो जायेगी ?

(1) 12 वर्षों में (2) 11.85 वर्षों में

(3) 6 वर्षों में

(4) अपर्याप्त सूचनाओं के कारण निर्धारित नहीं की जा सकती ।

**82.** सही विकल्प का चयन करते हुए निम्नांकित कथनों का मिलान कीजिये ।

**कथन-I :**NPV विधि के अनुसार परियोजना से प्राप्त प्रवाहों का पुनर्निवेश पूँजी की लागत की दर पर किया जाएगा ।

**कथन-II :** IRR विधि के अनुसार परियोजना से प्राप्त प्रवाहों का पुनर्निवेश IRR की दर पर किया जाएगा ।

(1) दोनों कथन सत्य हैं । (2) दोनों कथन असत्य हैं ।

(3) कथन-I सत्य है, परन्तु कथन-II असत्य है ।

(4) कथन-I असत्य है, परन्तु कथन-II सत्य है ।

**83.** सही विकल्प का चयन करते हुए निम्नांकित कथनों का मिलान कीजिये :

**कथन-I :**कार्यशील पूँजी = चालू परिसंपत्तियाँ – चालू देनदारियाँ ।

**कथन-II :** ॠणात्मक कार्यशील पूँजी सदैव खराब वित्तीय स्थिति का संकेत देती है ।

(1) दोनों कथन सत्य हैं । (2) दोनों कथन असत्य हैं ।

(3) कथन-I सत्य है, परन्तु कथन-II असत्य है ।

(4) कथन-I असत्य है, परन्तु कथन-II सत्य है ।

**84.** Match the following and select the correct code :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. NPV | 1. Discounted cash flow method |
| b. ARR | 2. Accounting Profit |
| c. Payback Period | 3. Liquidity Recovery |
| d. IRR | 4. Zero NPV Rate |

Codes :

(1) a-1, b-2, c-3, d-4 (2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

**85.** Match the following and select the correct code :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Debenture | 1. Ownership capital |
| b. Equity shares | 2. Borrowed capital |
| c. Retained Earnings | 3. Internal Financing |
| d. Lease Financing | 4. Asset Financing |

Codes :

(1) a-2, b-1, c-3, d-4 (2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-4, b-3, c-1, d-2 (4) a-3, b-4, c-2, d-1

**86.** Match the following statements by selecting correct option :

**Assertion (A) :** Currency futures can be used to hedge exchange rate risk.

**Reason (R) :** Currency futures lock in an exchange rate for a future date.

(1) Both (A) and (R) are true and (R) correctly explain (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**84.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिये :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. NPV | 1. छूट नकद प्रवाह विधि |
| b. ARR | 2. लेखांकन लाभ |
| c. Payback Period | 3. तरलता की वसूली |
| d. IRR | 4. शून्य NPV दर |

कूट :

(1) a-1, b-2, c-3, d-4 (2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-1, d-2 (4) a-4, b-3, c-2, d-1

**85.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए एवं सही कूट का चयन कीजिये :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. ऋणपत्र | 1. स्वामित्व पूँजी |
| b. समता अंश | 2. उधार पूँजी |
| c. अवितरित लाभ | 3. आंतरिक वित्तपोषण |
| d. पट्टा वित्तपोषण | 4. परिसंपत्ति वित्तपोषण |

**कूट :**

(1) a-2, b-1, c-3, d-4 (2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-4, b-3, c-1, d-2 (4) a-3, b-4, c-2, d-1

**86.** सही विकल्प का चयन करते हुए निम्नांकित कथनों का मिलान कीजिये :

**कथन (A) :** मुद्रा वायदा अनुबंध का उपयोग विनिमय दर जोखिम से बचाव के लिए किया जा सकता है ।

**कारण (R) :** मुद्रा वायदा अनुबंध भविष्य की किसी तिथि के लिए विनिमय दर को निश्चित कर देते हैं ।

(1) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) कथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।
(4) कथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

**87.** Match the following and select the correct code :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Walter Model | 1. Dividend Reference Theory |
| b. Garden Model | 2. Bird-in-Hand Theory |
| c. M.M. Theory | 3. Dividend irrelevance Theory |
| d. Residual Theory | 4. Investment opportunity first |

Codes :

(1) a-1, b-2, c-3, d-4
(2) a-2, b-3, c-4, d-1
(3) a-3, b-1, c-2, d-4
(4) a-4, b-2, c-1, d-3

**88.** What is the main difference between ADR and GDR ?

(1) ADR is issued only in India while GDR is issued outside India.
(2) ADR is listed in the united states while GDR is traded in multiple international markets outside the US.
(3) ADR is debt while GDR is equity share.
(4) ADR can be issued only by US company while GDR can be issued by any company.

**89.** Under capital rationing, a firm should select projects based on :

(1) Payback period
(2) Profitability Index
(3) ARR
(4) Accounting Profit

**90.** Eurocurrency refers to :

(1) Currency of European Union only
(2) Any currency deposited outside its home country.
(3) Euro-denominated bonds only.
(4) Currency issued by IMF.

**87.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. वाल्टर मॉडल | 1. लाभांश प्रासंगिकता सिद्धांत |
| b. गार्डन मॉडल | 2. बर्ड-इन-हैंड सिद्धांत |
| c. एम.एम. सिद्धांत | 3. लाभांश अप्रासंगिकता सिद्धांत |
| d. अवशिष्ट सिद्धांत | 4. निवेश अवसर को प्राथमिकता |

कूट :

(1) a-1, b-2, c-3, d-4
(2) a-2, b-3, c-4, d-1
(3) a-3, b-1, c-2, d-4
(4) a-4, b-2, c-1, d-3

**88.** अमेरिकन डिपॉजिटरी प्राप्तियाँ (ADR) और वैश्विक डिपॉजिटरी प्राप्तियाँ (GDR) में मुख्य अन्तर क्या है ?

(1) ADR केवल भारत में जारी किया जाता है, जबकि GDR भारत के बाहर जारी किया जाता है ।
(2) ADR यूनाइटेड स्टेट्स में अधिसूचित होता है, जबकि GDR का व्यापार US के बाहर कई अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में होता है ।
(3) ADR एक कर्ज है, जबकि GDR समता अंश है ।
(4) ADR केवल US कम्पनी द्वारा जारी किया जा सकता है, जबकि GDR किसी भी कम्पनी द्वारा जारी किया जा सकता है ।

**89.** पूँजी राशनिंग की स्थिति में, किसी फर्म को परियोजनाओं का चयन किस आधार पर करना चाहिए ?

(1) पुनर्भुगतान अवधि
(2) लाभप्रदता सूचकांक
(3) लेखांकन प्रतिफल दर
(4) लेखांकन लाभ

**90.** यूरोकरेंसी से क्या तात्पर्य है ?

(1) केवल यूरोपीय संघ की मुद्रा
(2) कोई भी मुद्रा जो अपने मूल देश के बाहर जमा की गई हो ।
(3) केवल यूरो मूल्य-वर्ग बॉण्ड
(4) अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा जारी की गई मुद्रा ।

**91.** The ANOVA table shows that variance ratio or 'F' value are 1.018 between salesman and 3.33 between months. Table value of F at 5% level of significance for $V_1 = 3$ and $V_2 = 6$ is 4.76 for Salesman and for $V_1 = 2$ and $V_2 = 6$ is 5.14 for months. Sales in three months of four salesman were analyzed. Which interpretation is true ?

(1) Sales made by 4 salesmen do not differ significantly.
(2) Sales made during three months do not differ significantly.
(3) Sales made by 4 salesmen and 3 months do differ significantly.
(4) Both Sales made by 4 salesmen do not differ significantly and Sales made during three months do not differ significantly are correct.

**92.** The critical values of Z test for a = 0.05 under left, right and two tailed tests are

(1) – 1.64, +1.64, |1.96|
(2) – 1.96, + 1.96, |1.64|
(3) + 1.64, – 1.64, |1.96|
(4) + 1.96, – 1.96, |1.64|

**93.** **Assertion (A) :** Exploratory research is useful when the problem is not clearly defined.
**Reason (R) :** Exploratory research aims at generating insights and hypotheses rather than testing them.
Select the correct option from the following :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) correctly explains (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**94.** **Assertion (A) :** Classification of data improves clarity and analysis.
**Reason (R) :** Classification organizes data into homogeneous groups.
Select correct option from the following :

(1) Both (A) and (R) are true and (R) correctly explains (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**91.** प्रसरण विश्लेषण तालिका से पता चलता है कि सेल्समैन के बीच विचरण अनुपात या F मान 1.018 है और महीनों के बीच यह 3.33 है । 5% सार्थकता स्तर पर $V_1 = 3$ तथा $V_2 = 6$ के लिए सेल्समैन का F सारणी मान 4.76 है और $V_1 = 2$ और $V_2 = 6$ के लिए महीनों का F सारणी मान 5.14 है । तीन महीनों में चार सेल्समैन द्वारा बिक्री का विश्लेषण किया गया । कौन सी व्याख्या सही है ?

(1) चार सेल्समैन द्वारा की गई बिक्री में कोई खास अंतर नहीं है ।
(2) तीन महीनों में की गई बिक्री में कोई खास अन्तर नहीं है ।
(3) चार सेल्समैन और तीन महीनों की बिक्री में खास अन्तर है ।
(4) चार सेल्समैन द्वारा की गई बिक्री में कोई खास अंतर नहीं है तथा तीन महीनों में की गई बिक्री में कोई खास अन्तर नहीं है दोनों सही हैं ।

**92.** a = 0.05 के लिए Z परीक्षण के क्रान्तिक मान बायें, दायें तथा दो पूँछ परीक्षण के तहत ये हैं :

(1) – 1.64, +1.64, |1.96|
(2) – 1.96, + 1.96, |1.64|
(3) + 1.64, – 1.64, |1.96|
(4) + 1.96, – 1.96, |1.64|

**93.** **कथन (A) :** अन्वेषणात्मक अनुसंधान तब उपयोगी होता है जब समस्या स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं होती है ।
**कारण (R) :** अन्वेषणात्मक अनुसंधान का उद्देश्य परिकल्पनाओं का परीक्षण करने के बजाय अन्तर्दृष्टि एवं परिकल्पनाएँ उत्पन्न करना होता है ।
निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) कथन (A) सत्य है, परन्तु कारण (R) असत्य है ।
(4) कथन (A) असत्य है, परन्तु कारण (R) सत्य है ।

**94.** **कथन (A) :** आँकड़ों का वर्गीकरण स्पष्टता और विश्लेषण में सुधार करता है ।
**कारण (R) :** वर्गीकरण आँकड़ों को समरूप समूहों में व्यवस्थित करता है ।
निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिये :

(1) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) कथन (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(4) कथन (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**95.** **Assertion (A) :** A research report should present methodology and findings systematically.
**Reason (R) :** Clear documentation improves the credibility and replicability of research.
Select correct option from the following :
(1) Both (A) and (R) are true and (R) correctly explains (A).
(2) Both (A) and (R) are true but (R) is not correct explanation of (A).
(3) (A) is true but (R) is false.
(4) (A) is false but (R) is true.

**96.** Addition theorem states that if two events A & B are mutually exclusive, the probability of occurrence of either A or B is given by :
(1) P(A) + P(B)   (2) P(B) × P(A)
(3) P(A) – P(B)
(4) P(A) × P(B) + P(AB)

**97.**

| **Given :** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Wages (₹) | Less than 20 | Less than 40 | 20-60 | 60 and above | 80-100 | 100 and above | 120 and above |
| No. of persons | 5 | 12 | 29 | 31 | 8 | 19 | 5 |

How many persons earned wages between 40-60 & 60-80 class interval ?
(1) 12 and – 1   (2) 12 and 4
(3) 22 and 4   (4) 17 and 9

**98.** In any discrete series (when all the values are not the same) the relationship between Mean Deviation (MD) about mean and Standard Deviation (SD) is :
(1) M.D. = S.D.   (2) M.D. ≤ S.D.
(3) M.D. ≥ S.D.   (4) M.D. ⊂ S.D.

**99.** The mean of Binomial Distribution is 30 and Standard Deviation is 5. Find n.
(1) 180   (2) 190
(3) 170   (4) 160

**95.** **कथन (A) :** एक शोध प्रतिवेदन में अनुसंधान पद्धति और निष्कर्षों को व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।
**कारण (R) :** स्पष्ट प्रलेखन अनुसंधान की विश्वसनीयता और पुनरावृत्ति योग्यता को बढ़ाता है ।
निम्नांकित में से सही विकल्प का चयन कीजिये :
(1) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।
(2) कथन (A) और कारण (R) दोनों सत्य हैं, परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।
(3) कथन (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।
(4) कथन (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

**96.** योग प्रमेय के अनुसार यदि दो घटनाएँ A तथा B परस्पर अपवर्जी हैं, तो A या B में से किसी एक के घटित होने की प्रायिकता इस प्रकार होगी –
(1) P(A) + P(B)   (2) P(B) × P(A)
(3) P(A) – P(B)
(4) P(A) × P(B) + P(AB)

**97.**

| **दिया गया :** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मजदूरी (₹) | 20 से कम | 40 से कम | 20-60 | 60 और उससे ज्यादा | 80-100 | 100 और उससे ज्यादा | 120 और उससे ज्यादा |
| व्यक्तियों की संख्या | 5 | 12 | 29 | 31 | 8 | 19 | 5 |

कितने व्यक्तियों ने 40-60 और 60-80 वर्ग अन्तराल के बीच मजदूरी कमाई ?
(1) 12 तथा – 1   (2) 12 तथा 4
(3) 22 तथा 4   (4) 17 तथा 9

**98.** किसी भी खण्डित श्रेणी (जब सभी मान एक जैसे न हों) में माध्य के सापेक्ष में माध्य विचलन (MD) और मानक विचलन (SD) के बीच सम्बन्ध इस प्रकार है :
(1) M.D. = S.D.   (2) M.D. ≤ S.D.
(3) M.D. ≥ S.D.   (4) M.D. ⊂ S.D.

**99.** एक द्विपद बंटन (Binomial Distribution) का माध्य 30 है और मानक विचलन 5 है । n का मान ज्ञात कीजिए ।
(1) 180   (2) 190
(3) 170   (4) 160

**100.** In a frequency distribution, the coefficient of skewness based on quartile is 0.6. If the sum of the lower and upper quartile is 100 and median is 38, find the value of lower quartile value.

(1) 70
(2) 140
(3) 30
(4) 62

**101.** Planning, Organizing, Directing and Controlling are the :

(1) Failures of management
(2) Functions of management
(3) Results of management
(4) Dividend deduct

**102.** Which of the following is a quantitative method of Job evaluation ?

(1) Ranking Method
(2) Job classification Method
(3) Point rating Method
(4) Grading Method

**103.** In recruitment, the term "Poaching" refers to :

(1) Recruiting fresh graduates.
(2) Employing a competent and experienced person already working with other company.
(3) Recruiting employees through internal promotions.
(4) Hiring temporary workers through employment agencies.

**104.** A closed system approach to organizational structure assumes that :

(1) Managers are ready to adopt environmental changes
(2) Decision-making is entirely decentralized.
(3) Organisation is isolated from the environment.
(4) Organisation boundaries are flexible.

**100.** एक आवृत्ति वितरण में चतुर्थक आधारित विषमता गुणांक 0.6 है । यदि निचले तथा ऊपरी चतुर्थक का योग 100 है और माध्यिका 38 है, तो निचले चतुर्थक का मूल्य ज्ञात करें ।

(1) 70
(2) 140
(3) 30
(4) 62

**101.** योजना बनाना, आयोजन करना, निर्देशन करना और नियंत्रण करना माने जाते हैं :

(1) प्रबन्ध की असफलताएँ
(2) प्रबन्ध के कार्य
(3) प्रबन्ध के परिणाम
(4) लाभांश काटना

**102.** निम्नलिखित में से कौन सी विधि जॉब मूल्यांकन की मात्रात्मक विधि है ?

(1) रैंकिंग विधि
(2) जॉब वर्गीकरण विधि
(3) बिन्दु रेटिंग विधि
(4) ग्रेडिंग विधि

**103.** भर्ती में "पोचिंग" शब्द इंगित करता है :

(1) सीधे नये स्नातकों की भर्ती करना ।
(2) किसी अन्य कम्पनी में पहले से कार्यरत किसी सक्षम और अनुभवी व्यक्ति को काम पर रखना ।
(3) आन्तरिक पदोन्नति के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती ।
(4) रोजगार एजेन्सियों के माध्यम से अस्थायी कर्मचारियों को काम पर रखना ।

**104.** संगठनात्मक संरचना के लिए एक बंद प्रणाली दृष्टिकोण यह मानता है कि :

(1) प्रबन्धक वातावरण में होने वाले परिवर्तन को स्वीकार करने के लिए तैयार होते हैं ।
(2) निर्णय लेने की प्रक्रिया पूरी तरह से विकेंद्रीकृत है ।
(3) संगठन पर्यावरण से अलग-थलग है ।
(4) संगठनात्मक सीमाएँ लचीली होती हैं ।

**105.** An organizational structure that groups employees based on similar characteristics and functions (such as marketing, finance, human resources and operations) is called :

(1) Indian structure

(2) Functional structure

(3) Matrix structure

(4) Power structure

**106.** Delegation of authority improves organizational efficiency by :

(1) Reducing employee participation.

(2) Speeding up decision making.

(3) Eliminating accountability.

(4) Increasing bureaucracy.

**107.** Which type of motivation is primarily driven by external rewards such as bonuses, praise or promotions ?

(1) Intrinsic motivation

(2) Extrinsic motivation

(3) Affiliation motivation

(4) Self-actualization

**108.** Business Ethics is a form of an art of Applied Ethics that examines ethical principles and moral or ethical problems that can arise in business environment. Business ethics contain various aspects which are :

(1) Personal, Professional and General Management Ethics.

(2) Unethical and illegal conduct.

(3) Medium and short term problems.

(4) Knowledge, Business and Losses.

**109.** Corporate Governance is a process to ensure that a company is managed to suit the best interest to all which includes :

(1) Less consumer Education

(2) Advertising ethics

(3) Structural and organisational matters.

(4) Behaviour of family

**105.** संगठनात्मक संरचना जो समान विशेषता और कार्यों (जैसे – विपणन, वित्त, मानव संसाधन और रोजगार) के आधार पर कर्मचारियों को समूहित करती है कहलाती है :

(1) भारतीय संरचना

(2) कार्यात्मक संरचना

(3) मैट्रिक्स संरचना

(4) अधिकार संरचना

**106.** अधिकारों का प्रत्यायोजन संगठनात्मक दक्षता में किस प्रकार सुधार करता है ?

(1) कर्मचारियों की भागीदारी कम करके ।

(2) निर्णय लेने की प्रक्रिया को तीव्र बनाकर ।

(3) उत्तरदायित्व को समाप्त करके ।

(4) नौकरशाही को बढ़ाकर ।

**107.** किस प्रकार की प्रेरणा मुख्य रूप से बाहरी पुरस्कारों जैसे कि बोनस, प्रशंसा या प्रमोशन से प्रेरित होती है ?

(1) आन्तरिक प्रेरणा

(2) बाहरी प्रेरणा

(3) संबद्धता प्रेरणा

(4) आत्म-साक्षात्कार

**108.** व्यावसायिक नैतिकता व्यावहारिक नैतिकता की एक कला है जो व्यावसायिक माहौल में पैदा होने वाले नैतिक सिद्धान्तों और नैतिक समस्याओं की जाँच करती है । बिजनेस एथिक्स में कई पहलू शामिल हैं जैसे :

(1) व्यक्तिगत, पेशेवर और सामान्य प्रबन्धन नैतिकता

(2) अनैतिक और गैर-कानूनी व्यवहार

(3) मध्यम और अल्पकालिक व्यवहार

(4) ज्ञान, व्यवसाय और नुकसान

**109.** कॉर्पोरेट गवर्नेंस एक ऐसी प्रक्रिया है जिससे यह सुनिश्चित किया जाता है कि कम्पनी का प्रबन्धन सभी के सर्वोत्तम हितों को ध्यान में रखकर किया जाये, जिसमें शामिल है :

(1) उपभोक्ता शिक्षा की कमी

(2) विज्ञापन सम्बन्धी नैतिकता

(3) संरचनात्मक और संगठनात्मक मामले

(4) परिवार का व्यवहार

**110.** Which theory of motivation assumes that employees expect justice, balance and fairness in their treatment by the organization ?

(1) Maslow theory
(2) Herzberg theory
(3) Theory X
(4) Equity theory

**111.** Which of the following instruments is not traded in the money market ?

(1) Treasury Bills
(2) Commercial paper
(3) Certificate of deposit
(4) Equity Shares

**112.** In the context of life insurance, who is a "nominee" ?

(1) The person who pays the premium on behalf of the insured.
(2) The person authorised to receive the death benefit in the event of the policy holder's death.
(3) The insurance agent who sold the policy.
(4) The legal heir only.

**113.** **Statement-I :** Basel-III introduced capital conservation buffers.
**Statement-II :** Basel-III completely eliminated banking risks.
**Codes :**

(1) Both statements are true.
(2) Both statements are false.
(3) Statement-I is true, statement-II is false.
(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**114.** A system of banking where all the branches of banks are networked together is called :

(1) Core banking system
(2) Mobile banking
(3) Internet banking
(4) Virtual banking

**110.** प्रेरणा का कौन सा सिद्धान्त यह मानता है कि कर्मचारी उनके साथ किए जाने वाले व्यवहार में न्याय, संतुलन एवं निष्पक्षता की अपेक्षा रखते हैं ?

(1) मास्लो का सिद्धान्त
(2) हर्जबर्ग का सिद्धान्त
(3) X सिद्धान्त
(4) समता सिद्धान्त

**111.** इनमें से किस इंस्ट्रूमेंट का व्यापार मुद्रा बाज़ार में नहीं किया जाता है ?

(1) ट्रेजरी बिल
(2) कमर्शियल पेपर
(3) सर्टिफिकेट ऑफ डिपोजिट
(4) इक्विटी अंश

**112.** जीवन बीमा के संदर्भ में "नॉमिनी" कौन होता है ?

(1) वह व्यक्ति जो बीमित की ओर से प्रीमियम का भुगतान करता है ।
(2) वह व्यक्ति जो पॉलिसी होल्डर की मृत्यु होने पर डेथ बेनिफिट (मृत्यु लाभ) पाने के लिए अधिकृत है ।
(3) वह इंश्योरेंस एजेन्ट जिसने पॉलिसी बेची है ।
(4) सिर्फ कानूनी वारिस ।

**113.** **कथन-I :**बेसल-III ने पूँजी संरक्षण बफर लागू किया ।
**कथन-II :**बेसल-III ने बैंकिंग जोखिमों को पूरी तरह समाप्त कर दिया ।
**कूट :**

(1) दोनों कथन सत्य हैं ।
(2) दोनों कथन असत्य हैं ।
(3) कथन-I सत्य है, तथा कथन-II असत्य है ।
(4) कथन-I असत्य है, तथा कथन-II सत्य है ।

**114.** बैंकिंग की एक प्रणाली जहाँ बैंकों की सभी शाखाएँ एक साथ नेटवर्क से जुड़ी होती हैं, यह प्रणाली कहलाती है :

(1) कोर बैंकिंग प्रणाली
(2) मोबाइल बैंकिंग
(3) इन्टरनेट बैंकिंग
(4) वर्चुअल बैंकिंग

**115.** Match the following :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. SIDBI | 1. Rural Development |
| b. NABARD | 2. Small Industries |
| c. Mutual Fund | 3. Pooled Investment |
| d. Pension Fund | 4. Retirement Benefits |

Codes :

(1) a-2, b-1, c-3, d-4
(2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-2, d-1
(4) a-4, b-2, c-1, d-3

**116.** Which of the following is not a component of the Indian Financial System ?

(1) Financial Institutions
(2) Financial Markets
(3) Financial Instruments
(4) Financial Planning

**117.** Which organization developed and operates the UPI platform ?

(1) S.E.B.I.
(2) R.B.I.
(3) N.P.C.I.
(4) N.A.B.A.R.D.

**118.** Which of the following is contactless digital payment method ?

(1) Quick Response (Q.R.) code payment
(2) Cash payment
(3) Demand Draft
(4) Cheque payment

**119.** When Cash Reserve Ratio is increased by RBI, what will be its effect ?

(1) Decrease money supply in the economy.
(2) Increase money supply in the economy.
(3) Increase supply initially but decrease automatically later on.
(4) No impact on money supply in the economy.

**115.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. SIDBI | 1. ग्रामीण विकास |
| b. NABARD | 2. छोटे उद्योग |
| c. म्युचुअल फंड | 3. संयुक्त निवेश |
| d. पेंशन फंड | 4. सेवानिवृत्ति लाभ |

कोड :

(1) a-2, b-1, c-3, d-4
(2) a-1, b-2, c-4, d-3
(3) a-3, b-4, c-2, d-1
(4) a-4, b-2, c-1, d-3

**116.** निम्न में से कौन भारतीय वित्तीय प्रणाली का घटक नहीं है ?

(1) वित्तीय संस्थाएँ
(2) वित्तीय बाज़ार
(3) वित्तीय साधन
(4) वित्तीय नियोजन

**117.** यू.पी.आई. प्लेटफॉर्म का विकास और संचालन निम्नलिखित में से किस संगठन द्वारा किया जाता है ?

(1) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी)
(2) भारतीय रिज़र्व बैंक (आर.बी.आई.)
(3) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एन.पी.सी.आई.)
(4) राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड)

**118.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सम्पर्क-रहित डिजिटल भुगतान विधि है ?

(1) क्विक रिस्पॉन्स (क्यू.आर.) कोड भुगतान
(2) नकद भुगतान
(3) माँग ड्राफ्ट
(4) चेक भुगतान

**119.** जब आर.बी.आई. नकद संचय अनुपात बढ़ाता है, इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(1) अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में कमी होगी ।
(2) अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि होगी ।
(3) शुरू में आपूर्ति बढ़ेगी, लेकिन बाद में स्वचालित रूप से घटेगी ।
(4) अर्थव्यवस्था की मुद्रा आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा ।

**120.** **Statement-I :** Co-operative banks operate on co-operative principles.
**Statement-II :** Cooperative banks are controlled exclusively by SEBI.
**Code :**
(1) Both statements are true.
(2) Both statements are false.
(3) Statement-I is true, statement-II is false.
(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**121.** Which of the following is an internal factor affecting price determination ?
(1) Government regulations
(2) Market demand
(3) Cost of production
(4) Competitor's pricing

**122.** Which of the following is advantage of personal selling ?
(1) Low cost for reaching a large audience.
(2) Immediate feedback from customers.
(3) Complete elimination of competition.
(4) Permanent customer loyalty.

**123.** Which advertising medium is generally most suitable for reaching a large national audience ?
(1) Personal letters
(2) Television
(3) Door-to-door selling
(4) Trade fairs only

**124.** Match the following :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Price skimming | 1. High Initial Price |
| b. Penetration pricing | 2. Low Introductory Price |
| c. Discount pricing | 3. Reduced Price |
| d. Premium pricing | 4. High-Quality Image |

Codes :
(1) a-4, b-3, c-1, d-2
(2) a-3, b-4, c-2, d-1
(3) a-1, b-2, c-3, d-4
(4) a-3, b-4, c-1, d-2

**120.** **कथन-I :**सहकारी बैंक सहकारी सिद्धांतों पर कार्य करते हैं ।
**कथन-II :**सहकारी बैंक केवल SEBI द्वारा नियंत्रित किए जाते हैं ।
**कूट :**
(1) दोनों कथन सत्य हैं ।
(2) दोनों कथन असत्य हैं ।
(3) कथन-I सत्य है, तथा कथन-II असत्य है ।
(4) कथन-I असत्य है, तथा कथन-II सत्य है ।

**121.** निम्नलिखित में से मूल्य निर्धारण को प्रभावित करने वाला आन्तरिक कारण कौन सा है ?
(1) सरकारी विनियम
(2) बाज़ार की माँग
(3) उत्पादन लागत
(4) प्रतिस्पर्धियों का मूल्य निर्धारण

**122.** निम्नलिखित में से व्यक्तिगत विक्रय का एक प्रमुख लाभ कौन सा है ?
(1) कम लागत में बड़ी संख्या में लोगों तक पहुँचना ।
(2) ग्राहकों से तत्काल प्रतिपुष्टि प्राप्त होना ।
(3) प्रतिस्पर्धा का पूर्णत: समाप्त हो जाना ।
(4) ग्राहकों की स्थायी निष्ठा सुनिश्चित होना ।

**123.** निम्नलिखित में से कौन सा विज्ञापन माध्यम सामान्यत: बड़े राष्ट्रीय स्तर के दर्शक वर्ग तक पहुँचने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?
(1) व्यक्तिगत पत्र
(2) टेलीविज़न
(3) घर-घर जाकर विक्रय
(4) केवल व्यापार मेले

**124.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. प्राइस स्किमिंग | 1. उच्च प्रारंभिक मूल्य |
| b. पेनेट्रेशन प्राइसिंग | 2. कम प्रारंभिक मूल्य |
| c. डिस्काउंट प्राइसिंग | 3. कम किया गया मूल्य |
| d. प्रीमियम प्राइसिंग | 4. उच्च गुणवत्ता की छवि |

कूट :
(1) a-4, b-3, c-1, d-2
(2) a-3, b-4, c-2, d-1
(3) a-1, b-2, c-3, d-4
(4) a-3, b-4, c-1, d-2

**125.** The concept of integrated logistics consists of two interrelated efforts. These are :

(1) Logistic management & logistic operation
(2) MRP and planning
(3) Logistics operation and logistics coordination
(4) Material Management and EOQ

**126.** Match the following regarding intermediaries in services :

| Intermediaries | Industry |
|---|---|
| i. Agent | a. Property, shares etc. |
| ii. Institutions | b. Bank, financial etc. |
| iii. Brokers | c. Life insurance, Travel etc. |

(1) i-c, ii-b, iii-a
(2) i-a, ii-b, iii-c
(3) i-a, ii-c, iii-b
(4) i-b, ii-a, iii-c

**127.** Product positioning refers to :

(1) Dividing the market into groups
(2) Selecting target markets
(3) Design the distribution channel
(4) Creation of a clear image in the minds of consumer for product

**128.** Which psychologist proposed the Hierarchy of needs theory commonly used in consumer behaviour studies ?

(1) Abraham Maslow
(2) Sigmund Freud
(3) Carl Rogers
(4) Ivan Pavlov

**125.** एकीकृत लॉजिस्टिक्स की अवधारणा में दो परस्पर सम्बन्धित प्रयास सम्मिलित हैं । ये हैं :

(1) लॉजिस्टिक प्रबंधन एवं लॉजिस्टिक संचालन
(2) एमआरपी और नियोजन
(3) लॉजिस्टिक संचालन एवं लॉजिस्टिक समन्वयन
(4) सामग्री प्रबन्धन एवं ईओक्यू

**126.** सेवाओं के मध्यस्थता के सम्बन्ध में निम्न का मिलान कीजिये :

| मध्यस्थ | उद्योग |
|---|---|
| i. ऐजेन्ट | a. प्रॉपर्टी, अंश आदि |
| ii. संस्थाएँ | b. बैंक, फाइनेन्शियल आदि |
| iii. दलाल | c. जीवन बीमा, यात्रा आदि |

(1) i-c, ii-b, iii-a
(2) i-a, ii-b, iii-c
(3) i-a, ii-c, iii-b
(4) i-b, ii-a, iii-c

**127.** उत्पाद स्थिति निर्धारण दर्शाता है :

(1) बाज़ार को समूहों में विभाजित करना
(2) लक्षित बाज़ारों का चयन
(3) वितरण चैनल का डिज़ाइन करना
(4) उपभोक्ता के मन में उत्पाद की एक स्पष्ट छवि बनाना

**128.** उपभोक्ता व्यवहार के अध्ययन में आमतौर पर प्रयुक्त आवश्यकताओं के पदानुक्रम का सिद्धांत किस मनोवैज्ञानिक ने प्रस्तावित किया था ?

(1) अब्राहम मास्लो
(2) सिगमंड फ्रायड
(3) कार्ल रोजर्स
(4) इवान पावलोव

**129.** Match the following :

| List-I | List-II |
|---|---|
| a. Segmentation | 1. Customer Groups |
| b. Targeting | 2. Selection of market |
| c. Positioning | 3. Brand Image |
| d. Marketing Mix | 4. Four Ps |

Codes :

(1) a-1, b-2, c-3, d-4
(2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-4, c-1, d-2
(4) a-2, b-1, c-4, d-3

**129.** निम्नलिखित का मिलान करें :

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| a. विभाजन | 1. उपभोक्ता समूह/ग्राहक समूह |
| b. टार्गेटिंग (लक्ष्यित) | 2. बाज़ार का चयन |
| c. स्थिति निर्धारण | 3. ब्रांड की प्रतिष्ठा |
| d. विपणन मिश्रण | 4. चार Ps. |

कूट :

(1) a-1, b-2, c-3, d-4
(2) a-4, b-3, c-2, d-1
(3) a-3, b-4, c-1, d-2
(4) a-2, b-1, c-4, d-3

**130.** Green marketing refers to :

(1) Marketing of agricultural products only
(2) Marketing of environmentally friendly products and practices.
(3) Selling products at lower prices.
(4) Marketing through rural outlets only.

**130.** हरित विपणन से क्या अभिप्राय है ?

(1) केवल कृषि उत्पादों का विपणन ।
(2) पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों एवं प्रक्रियाओं का विपणन ।
(3) उत्पादों को कम मूल्य पर बेचना ।
(4) केवल ग्रामीण क्षेत्रों के माध्यम से विपणन करना ।

**131.** Which document is known as the charter of a company and it defines the limitations of the company established under the Companies Act ?

(1) Article of Association
(2) Memorandum of Association
(3) Prospectus
(4) Statement in lieu of prospectus

**131.** किस दस्तावेज को कम्पनी का चार्टर माना जाता है तथा जो कम्पनी अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित कम्पनी की सीमाओं को परिभाषित करता है ?

(1) पार्षद अन्तर्नियम
(2) पार्षद सीमानियम
(3) विवरणिका
(4) विवरणिका के स्थान पर विवरण

**132.** Which negotiable instrument is payable on demand ?

(1) Share certificate
(2) Promissory note
(3) Cheque
(4) Debenture

**132.** निम्नलिखित में से कौन सा विनिमय पत्र माँग पर देय है ?

(1) शेयर प्रमाण-पत्र
(2) वचन-पत्र
(3) चेक
(4) ऋृणपत्र

**133.** Minimum number of members in a private company :

(1) 1
(2) 2
(3) 5
(4) 7

**133.** एक निजी कम्पनी में सदस्यों की निम्नतम संख्या होती है :

(1) एक
(2) दो
(3) पाँच
(4) सात

**134.** Dishonour of a cheque due to insufficient funds may attract liability under which Act ?

(1) Indian Contract Act, 1872
(2) Negotiable Instruments Act, 1881
(3) Sale of Goods Act, 1930
(4) Competition Act, 2002

**135.** What is a term of a patent under the Indian Patents Act ?

(1) 10 years
(2) 20 years
(3) 14 years
(4) 62 years

**136.** The doctrine of Caveat Emptor means

(1) Let the seller beware
(2) Let the buyer beware
(3) Goods must be of merchantable quality
(4) Seller is liable for defects

**137.** Under a contract of indemnity, the indemnifier's liability generally arises :

(1) As soon as the indemnity contract is executed.
(2) When the indemnity-holder demands payment, irrespective of loss.
(3) Only after a court decree has been passed against the indemnity-holder.
(4) Only after the indemnity-holder has actually suffered a loss or incurred an absolute liability.

**138.** The term 'Consensus ad idem' in the law of contracts refers to :

(1) Capacity to contract
(2) Lawful consideration
(3) Written consent of parties
(4) Meeting of minds upon the same thing in the same sense.

**139.** The primary remedy for breach of contract is :

(1) Imprisonment
(2) Compensation for damages
(3) Cancellation of citizenship
(4) Fine by police

**134.** अपर्याप्त धनराशि के कारण चेक के अनादरण पर दायित्व किस अधिनियम के अन्तर्गत उत्पन्न हो सकता है ?

(1) भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872
(2) परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881
(3) वस्तु विक्रय अधिनियम, 1930
(4) प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002

**135.** भारतीय पेटेन्ट अधिनियम के अन्तर्गत पेटेन्ट की अवधि क्या है ?

(1) 10 वर्ष
(2) 20 वर्ष
(3) 14 वर्ष
(4) 62 वर्ष

**136.** "कैविएट एम्प्टर" सिद्धान्त का अर्थ है :

(1) विक्रेता सावधान रहे
(2) खरीददार सावधान रहे
(3) माल व्यापार योग्य गुणवत्ता का होना चाहिये ।
(4) विक्रेता हमेशा दोष के लिए उत्तरदायी होता है ।

**137.** क्षतिपूर्ति अनुबंध के अन्तर्गत, क्षतिपूर्तिकर्ता का दायित्व सामान्यत: उत्पन्न होता है जब :

(1) क्षतिपूर्ति अनुबंध निष्पादित होता है ।
(2) क्षतिपूर्तिधारक हानि की परवाह किए बिना भुगतान की माँग करता है ।
(3) क्षतिपूर्तिधारक के विरुद्ध न्यायालय द्वारा निर्णय पारित किया गया है ।
(4) क्षतिपूर्तिधारक को वास्तव में हानि हुई हो या उस पर पूर्णदायित्व आ गया हो ।

**138.** अनुबंध के कानून में 'कनसेंसस एड इडेम' शब्द का तात्पर्य है

(1) अनुबंध करने की क्षमता
(2) वैध प्रतिफल
(3) पक्षों में लिखित सहमति
(4) एक ही बात पर दोनों पक्षों की एकमतता

**139.** अनुबन्ध भंग का प्रमुख उपचार क्या है ?

(1) कारावास
(2) हानि के लिए क्षतिपूर्ति
(3) नागरिकता समाप्त करना
(4) पुलिस द्वारा जुर्माना

**140.** An agreement to sell becomes a sale :

(1) When the future time arrives or the conditions are fulfilled.
(2) Immediately signing the agreement.
(3) Only after full payment is received.
(4) Only after registration.

**141.** Two statements are given, select correct option on these statements :
**Statement-I :** Gross total income is calculated before chapter VI-A deductions.
**Statement-II :** Deductions under section 80C are allowed after Gross total income.

(1) Both statements are true.
(2) Both statements are false.
(3) Statement-I is true, statement-II is false.
(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**142.** Two statements are given below. Select correct option on these statements :
**Statement-I :** Tax avoidance is completely illegal.
**Statement-II :** Tax evasion involves violation of law.

(1) Both statements are true.
(2) Both statements are false.
(3) Statement-I is true, statement-II is false.
(4) Statement-I is false, statement-II is true.

**143.** Match the following and select the correct code :

| **List-I** | **List-II** |
|---|---|
| a. Merger | 1. Combination of firms |
| b. Demerger | 2. Division of undertaking |
| c. Takeover | 3. Acquisition of control |
| d. Amalgamation | 4. Joining of companies |

Codes :
(1) a-3, b-4, c-1, d-2
(2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-1, b-2, c-3, d-4
(4) a-4, b-3, c-2, d-1

**140.** विक्रय का समझौता, विक्रय में कब परिवर्तित होता है ?

(1) जब निर्धारित समय आ जाता है अथवा निर्धारित शर्तें पूरी हो जाती हैं ।
(2) समझौते पर हस्ताक्षर करते ही ।
(3) केवल पूर्ण भुगतान प्राप्त होने पर ।
(4) केवल पंजीकरण के बाद ।

**141.** दो कथन दिये गये हैं इन कथनों पर सही विकल्प का चयन कीजिये :
**कथन-I :**सकल कुल आय की गणना अध्याय VI-A कटौतियों से पहले की जाती है ।
**कथन-II :** धारा 80C के अंतर्गत कटौतियाँ सकल कुल आय के बाद दी जाती हैं ।

(1) दोनों कथन सत्य हैं ।
(2) दोनों कथन असत्य हैं ।
(3) कथन-I सत्य है, कथन-II असत्य है ।
(4) कथन-I असत्य है, कथन-II सत्य है ।

**142.** नीचे दो कथन दिये गये हैं, इन कथनों पर सही विकल्प का चयन कीजिये :
**कथन-I :** कर अपवंचन पूर्णत: अवैध है ।
**कथन-II :** कर चोरी में कानून का उल्लंघन होता है ।

(1) दोनों कथन सत्य हैं ।
(2) दोनों कथन असत्य हैं ।
(3) कथन-I सत्य है, कथन-II असत्य है ।
(4) कथन-I असत्य है, कथन-II सत्य है ।

**143.** निम्नलिखित का मिलान कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिये ।

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| a. विलय | 1. फर्मों का संयोजन |
| b. विभाजन | 2. उपक्रम का विभाजन |
| c. अधिग्रहण | 3. नियंत्रण प्राप्त करना |
| d. समामेलन | 4. कंपनियों का एकीकरण |

कूट :
(1) a-3, b-4, c-1, d-2
(2) a-2, b-1, c-4, d-3
(3) a-1, b-2, c-3, d-4
(4) a-4, b-3, c-2, d-1

**144.** On January 2, 2026, Mr. A earned a long-term capital gain of ₹ 90,80,000 on the sale of a commercial plot. He wishes to minimise his tax liability. What should he do ?

(1) He should purchase REC bond of ₹ 60,00,000

(2) He should purchase REC bond of ₹ 50,00,000 before 2/7/26.

(3) He should purchase another commercial plot of ₹ 90,80,000.

(4) He should purchase NHAI bond of ₹ 50,00,000 before December 1, 2026 but after 2-7-26.

**145.** Match the following (assuming no senior citizen):

| Section | Maximum limit (₹) |
|---|---|
| (i) 80 C | a. 50,000 |
| (ii) 80 CCD (1B) | b. 1,50,000 |
| (iii) 80 D | c. 75,000 |
| (iv) 80 DD | d. 25,000 |

Codes :

(1) (i)-b, (ii)-a, (iii)-d, (iv)-c

(2) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d, (iv)-b

(3) (i)-d, (ii)-a, (iii)-b, (iv)-c

(4) (i)-a, (ii)-b, (iii)-c, (iv)-d

**146.** When income of minor child is not clubbed with Parent's Income ?

(1) Income of minor child suffering from any disability of the nature specified u/s 80U.

(2) Income from minor child on account of any manual work.

(3) Income of minor child on account of any activity involving his skill or talent.

(4) All of these

**147.** How much advance tax to be paid prior to December 15 of the previous year by an individual assesse ?

(1) 15% of advance tax payable

(2) 30% of advance tax payable

(3) 75% of advance tax payable

(4) 45% of advance tax payable

**144.** 2 जनवरी, 2026 को A को ₹ 90,80,000 का दीर्घकालीन पूँजी लाभ अपना कॉमर्शियल प्लॉट बेचने से हुआ । वह कर दायित्व को न्यूनतम करना चाहता है । उसे क्या करना चाहिये ?

(1) उसे ₹ 60,00,000 के REC बॉण्ड खरीदने चाहिये ।

(2) उसे 2/7/26 से पहले ₹ 50,00,000 के REC बॉण्ड खरीदने चाहिये ।

(3) उसे ₹ 90,80,000 का एक अन्य वाणिज्यिक प्लॉट खरीदना चाहिये ।

(4) उसे 1-12-26 से पहले किन्तु 2-7-26 के बाद NHAI के ₹ 50,00,000 के बॉण्ड खरीदने चाहिये ।

**145.** नीचे दी गयी सूचनाओं का मिलान करें (मान लें वरिष्ठ नागरिक नहीं है) :

| धारा | अधिकतम सीमा (₹) |
|---|---|
| (i) 80 C | a. 50,000 |
| (ii) 80 CCD (1B) | b. 1,50,000 |
| (iii) 80 D | c. 75,000 |
| (iv) 80 DD | d. 25,000 |

कूट :

(1) (i)-b, (ii)-a, (iii)-d, (iv)-c

(2) (i)-c, (ii)-a, (iii)-d, (iv)-b

(3) (i)-d, (ii)-a, (iii)-b, (iv)-c

(4) (i)-a, (ii)-b, (iii)-c, (iv)-d

**146.** अवयस्क बच्चे की आय माता-पिता की आय के साथ कब नहीं जोड़ी जाती है ?

(1) धारा 80U के तहत बताई गई किसी विकलांगता से पीड़ित अवयस्क बच्चे की आय ।

(2) किसी शारीरिक मेहनत वाले काम से अवयस्क बच्चे को होने वाली आय ।

(3) अवयस्क बच्चे की ऐसी गतिविधि से होने वाली आय जिसमें उसके कौशल या प्रतिभा का उपयोग हुआ हो ।

(4) यह सभी बातें

**147.** किसी व्यष्टि करदाता को पिछले वर्ष के 15 दिसम्बर से पहले कितना अग्रिम कर का भुगतान करना होगा ?

(1) देय अग्रिम कर का 15%

(2) देय अग्रिम कर का 30%

(3) देय अग्रिम कर का 75%

(4) देय अग्रिम कर का 45%

148. Which statement is not correct ?

(1) Tax avoidance takes into account the loop holes of law.
(2) Tax evasion is an attempt to evade tax liabilities with the help of unfair means.
(3) The compliance with provisions of law is called tax management.
(4) The objective of tax planning is to reduce the tax liability by avoiding the law.

149. Match the following and select correct option :

| Section | Relating to TDS from |
|---|---|
| (i) 192 | (a) Insurance Commission |
| (ii) 193 | (b) Salaries |
| (iii) 194 | (c) Interest on securities |
| (iv) 194D | (d) Dividend |

**Codes :**

(1) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)
(2) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(a), (ii)-(d), (iii)-(c), (iv)-(b)
(4) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)

150. The primary objective of transfer pricing regulations is to :

(1) Increase international trade barriers.
(2) Prevent tax avoidance through manipulation of intra-group prices.
(3) Eliminate multinational corporations.
(4) Promote monopolistic pricing.

148. कौन सा कथन सही नहीं है ?

(1) कर अपवंचन में कानून की कमियों का फायदा उठाया जाता है ।
(2) कर चोरी गलत तरीकों से कर की देनदारी से बचने की कोशिश है ।
(3) कानून के प्रावधानों का पालन करना कर प्रबंधन कहलाता है ।
(4) कर नियोजन का उद्देश्य कानून से बचकर कर दायित्व को कम करना है ।

149. निम्न का मिलान करें तथा सही विकल्प का चयन कीजिए :

| धारा | स्रोत पर कर की कटौती से सम्बन्धित |
|---|---|
| (i) 192 | (a) बीमा कमीशन |
| (ii) 193 | (b) वेतन |
| (iii) 194 | (c) प्रतिभूतियों पर ब्याज |
| (iv) 194D | (d) लाभांश |

**कूट :**

(1) (i)-(b), (ii)-(c), (iii)-(d), (iv)-(a)
(2) (i)-(b), (ii)-(a), (iii)-(d), (iv)-(c)
(3) (i)-(a), (ii)-(d), (iii)-(c), (iv)-(b)
(4) (i)-(d), (ii)-(c), (iii)-(b), (iv)-(a)

150. अन्तरण मूल्य निर्धारण विनियमों का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(1) अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में बाधाओं को बढ़ाना ।
(2) समूह के भीतर मूल्यों में हेरफेर के माध्यम से कर-अपवंचन को रोकना ।
(3) बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को समाप्त करना ।
(4) एकाधिकार मूल्य निर्धारण को बढ़ावा देना ।

Space For Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह